हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 298, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 22 अप्रैल, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की हुई समीक्षा

पीएम मोदी ने बुलाई उच्च स्तरीय बैठक, लोगों को सुरक्षित निकालने पर चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह युद्ध प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। पीएम ने इस बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान वहां से देश के लोगों को सुरक्षित निकालने पर चर्चा हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी हिस्सा लिया और सूडान के मौजूदा हालात के बारे में पीएम को अवगत कराया। गौरतलब है कि सूडान में सेना व रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच जारी गृहयुद्ध को लेकर मंगलवार देर शाम को दोनों पक्षों ने 24 घंटे के संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी, लेकिन बहुत जल्द यह युद्धविराम टूट गया। बुधवार को पांचवें दिन तक देश में डब्ल्यूएचओ ने 270 मौतों की बात कही जबकि 2,600 से ज्यादा घायल बताए थे। इस बीच, वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत पूरे मामले पर करीबी नजर रखे हुए है और विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई व सऊदी अरब से वार्ता कर समन्वय शुरू कर दिया है।



गोलाबारी व हवाई हमलों ने राजधानी खारतूम और नील नदी के ओमडुरमैन शहर को हिलाकर रख दिया है। देश में किसी अनजान जगह पर 31 भारतीयों के फंसे होने की खबरें भी हैं। भारतीयों की सुरक्षा पर जयशंकर ने चार देशों से चर्चा के बाद ट्वीट किया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान का शुक्रिया, जो हमारे संपर्क में हैं। उन्हें सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान व ब्रिटेन-अमेरिका से भी व्यावहारिक समर्थन का आश्वासन मिला है।

हालात बेकाबू, शवों की सही गिनती तक नहीं..– हताहतों की निगरानी करने वाले सूडान डॉक्टर्स सिंडिकेट ने कहा कि यहां सैकड़ों लोग मारे गए हैं। कई शव सड़कों पर पड़े हैं लेकिन उन तक पहुंच न बन पाने के कारण सही गिनती नहीं हो रही।

सीएम योगी को जान से मारने की धमकी, ऑडियो और वीडियो शेयर करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

गढ़मुक्तेश्वर। प्रयागराज में माफिया अतीक और अशरफ की हत्या के बाद यूपी का सियासी माहौल गरमाया हुआ है। इसी बीच सिंभावली क्षेत्र में एक युवक की ओर से इंटरनेट मीडिया पर समाजवादी पार्टी हापुड़ के नाम से बने एक वाट्सएप ग्रुप पर सीएम योगी को आपत्तिजनक शब्द और जान से मारने धमकी देने का ऑडियो प्रसारित किया है। पुलिस ने इस मामले में आडियो क्लिप को शेयर करने और बनाने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सिंभावली थाने में तैनात उपनिरीक्षक अनिल बाबू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है कि वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उन्हें सूचना मिली कि जिले के समाजवादी पार्टी के नाम से बने एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर आडियो क्लिप शेयर की गई है। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आडियो क्लिप को कब्जे में लिया। पुलिस ने उपनिरीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की टीम हर गतिविधि पर पैनी निगाह रखे हुए है ताकि, कानून व्यवस्था न बिगड़े।

अतीक-अशरफ हत्याकांड की सच्चाई जानने के लिए तीनों शूटरो का हो सकता है लाई डिटेक्टर टेस्ट!

आसान नहीं लाई डिटेक्टर टेस्ट का परमिशन लेना

प्रखर प्रयागराज/एजेन्सी। अतीक और अशरफ की हत्या करने वाले आरोपियों को कस्टडी रिमांड पर लिया गया है। एसआईटी की टीम कातिलों से लगातार पूछताछ में जुटी है। शूटरों ने कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं। हत्याकांड में जिन असलहों का उपयोग किया गया था, वह दिल्ली के कुख्यात जितेंद्र गोगी गैंग से शूटरों को मिले थे। हमीरपुर के शूटर सनी सिंह से पूछताछ में यह खुलासा किया है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि सनी के इस खुलासे में कितना सच है, यह विस्तृत पूछताछ के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। सूत्रों ने बताया कि कस्टडी रिमांड के दौरान शूटर सनी सिंह ने जानकारी दी है कि दो साल पहले वह दिल्ली गया था। दिल्ली में उसकी मुलाकात गोगी गैंग के एक कारिंदे से हुई थी। उसने ही सरगना जितेंद्र गोगी से मिलावाया था। इसके बाद जितेंद्र के कहने पर सनी ने छोटे-मोटे काम भी किए थे। इसके बाद ही सनी का जितेंद्र गैंग के बाकी सदस्यों से उसका संपर्क हुआ। सनी इसके बाद दिल्ली आता जाता रहा। सूत्रों का कहना है कि उसने गोगी गैंग के सदस्यों के कहने पर आपराधिक वारदातों को अंजाम भी दिया। हर वारदात को अंजाम देने के बाद वह लौट आता था। यही वजह रही कि उसका नाम सामने नहीं आया। यह बात भी सामने आई है कि एक काम के सिलसिले में ही गोगी गैंग ने उसे जिगाना और गिरसान पिस्टलें दी थीं। हालांकि इसी दौरान सरगना गोगी मारा गया। इसके बाद सनी ने पिस्टलें वापस ही नहीं कीं।



सूत्रों का कहना है कि फिलहाल यह साफ नहीं है कि पूछताछ में सामने आई यह बातें कितनी सही हैं। यह भी हो सकता है कि कोई बड़ा राज छिपाने के लिए वह यह बातें कर रहा हो। ऐसे में विस्तृत पूछताछ के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। कस्टडी रिमांड के दूसरे दिन एसआईटी सदस्यों ने तीनों शूटरों से तीन घंटे तक पूछताछ की थी। सीन रिक्रिएशन की कार्रवाई के चलते उनसे दोपहर में पूछताछ नहीं हो सकी। हालांकि रात में नौ से 12 बजे तक उनसे सवाल दागे गए। सबसे बड़ी बात यह है कि हत्या की वजह को लेकर शूटरों ने अभी भी अपना मुंह नहीं खोला है। शूटरों का यही कहना है कि उन्हें बड़ा डॉन बनना था। नारको या लाई डिटेक्टर टेस्ट भी करा सकती है एसआईटी

वहीं, जानकारों का कहना है कि कस्टडी रिमांड में भी हत्याकांड से जुड़े राज न उगलवा पाने पर तीनों शूटरों का नारको या फिर लाई डिटेक्टर टेस्ट भी कराया जा सकता है। हालांकि इसके लिए उनकी मंजूरी जरूरी होगी।

यूपी में शांति से अदा हुई अलविदा की नमाज मुल्क के लिए मांगी दुआ, तैनात रही फोर्स

लखनऊ। प्रदेशभर की हजारों मस्जिदों में आज अलविदा की नमाज अदा की गई। इस दौरान प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, रामपुर सहित सभी संवेदनशील जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। लखनऊ में भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शुक्रवार को मस्जिदों में अलविदा की नमाज हुई। नमाज के चलते मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज के बाद मुल्क में शांति, सौहार्द, तरक्की व भाईचारा रखने की दुआएं मांगी गई। ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, आसिफी मस्जिद में मौलाना कल्बे जवाब और टीलेवाली मस्जिद में मौलाना फजले मन्नान की ओर से नमाज अदा कराई गई। माह-ए-रमजान की अंतिम जुमा की नमाज के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नमाज के लिए पहले से ही मस्जिदों में आने का क्रम शुरू हो गया है।

भीड़ को देखते हुए मस्जिद के बाहर भी टेंट लगाए गए थे। टीले वाली मस्जिद और ईदगाह में भारी संख्या में लोगों ने अलविदा की नमाज पढ़ी। बेरीकेडिंग कर वाहनों को रोकने का इंतजाम किया गया था। डायवर्जन के चलते ऐशबाग व पक्कापुल के पास वाहनों की कतार लगी रही। दोपहर बाद तक यातायात सामान्य हो गया। प्रयागराज में रमजान महीने के अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई। चौक की जामा मस्जिद, नखास कोहना, दायरशाह अजमल, नुरुल्लाह रोड, करेली गौस नगर, रसूलपुर और करेलाबाग आदि मुहल्लों में मुस्लिम समुदाय के लोग तय समय पर मस्जिद पहुंचे। वहां नमाज अदा करने के बाद अपने घर लौट गए। प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स और पीएसी के जवानों मुस्तैद रहे। माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद आशंका जताई जा रही थी कि नमाज के बाद मस्जिद से बाहर हंगामा हो सकता हैं, लेकिन अभी तक स्थिति पूरी तरह से सामान्य है।

माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन करेगी सरेंडर! गुड्डू मुस्लिम के भी साथ होने की खबर

नोएडा। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और बमबाज गुड्डू मुस्लिम जल्द सरेंडर कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम की जोरों से तलाश में जुटी है। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी माफिया अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम को 13 अप्रैल को यूपी एसटीएफ ने झांसी में मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद 15 अप्रैल को प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के बाहर माफिया अतीक और अशरफ को तीन हमलावरों ने गोलियों से भून डाला था। बेटे के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद भी शाइस्ता सामने नहीं आई। इसके बाद शौहर और देवर की हत्या के बाद आखिरी बार चेहरा भी देखने नहीं पहुंची। अब जानकारी मिल रही है कि अतीक का करीबी गुड्डू मुस्लिम शाइस्ता को बचाने में जुटा है। अभी तक दोनों पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। ऐसी जानकारी मिल रही है कि शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम दिल्ली या गुजरात में सरेंडर कर सकते हैं। वहीं, सरेंडर की चचाओं के बीच यूपी एसटीएफ की टीम भी अलर्ट हो गई है। दिल्ली और गुजरात के लिए टीम भेज दी गई हैं। ताकि सरेंडर करने के बाद दोनों को प्रयागराज लाया जा सके। मीडिया

रिपोर्ट के मुताबिक, गुड्डू मुस्लिम और अतीक की पत्नी शाइस्ता साथ में हैं। अब दोनों के आत्मसमर्पण करने की चर्चा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि बमबाज गुड्डू मुस्लिम पर यूपी पुलिस ने पांच लाख का इनाम घोषित किया हुआ है, जबकि शाइस्ता परवीन पर 50 हजार का इनाम है। शाइस्ता परवीन को उमेश पाल हत्याकांड की साजिशकर्ता बताया गया है।

पुंछ में हुए आतंकी हमले में शामिल थे 7 आतंकी, एनआईए की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे डीजीपी

जम्मू-कश्मीर। पुंछ आतंकी हमले के बाद से ही भारतीय सेना चप्पे-चप्पे पर आतंकियों की तलाश कर रही है। यही नहीं इस घटना की जांच के लिए शुक्रवार को NIA की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है। भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों को राजौरी-पुंछ सेक्टर में उसी इलाके के पास दो समूहों के 6 से 7 सक्रिय आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली है। ये आतंकवादी उसी जगह एक्टिव पाए गए जहां वीरवार को सैन्य वाहन पर हमला हुआ था। यह समूह कल पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला करने में शामिल था जिसमें 5 जवान शहीद हो गए थे। सूत्रों से पता चला है कि यह समूह कल पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए हमले में शामिल था, जिसमें पांच जवान शहीद हो गए थे। सूत्रों ने कहा कि ड्रोन और निगरानी हेलीकॉप्टरों के साथ कई विशेष बलों की टीमों को

इलाके में तलाशी और ऑपरेशन को नष्ट करने में मदद के लिए भेजा गया है। तलाश में सेना, पुलिस और खुफिया एजेंसियों सहित सुरक्षा बल अभियान का समन्वय कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, आतंकवादियों के लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और पाकिस्तान से होने का संदेह है। इस समय सेना क्षेत्र में उनके प्रवेश के मार्ग के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। सेना उन क्षेत्रों में बड़े भी बड़े पैमाने पर खोज कर रही है जहां कई गुफा और चट्टानों जैसी प्राकृतिक संरचनाएं मौजूद हैं। इस आतंकी हमले के चलते कई राजनीतिक दलों के कई राजनेताओं ने इस हमले को लेकर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं जम्मू-कश्मीर के राजौरी के जवाहर नगर में भाजपा कार्यकताओं ने इस आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। भाजपा कार्यकताओं ने इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए, उन्होंने शहीद जवान अमर रहे के नारे भी लगाए। वहीं आतंकियों के पुतले बना कर भी जलाए।

जवानों की शहादत पर संजय राउत का भाजपा पर तंज; कहा- कर्नाटक चुनाव तो आएंगे और जाएंगे

नई दिल्ली। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ और सिर्फ विपक्ष को दबाना चाहती है। उन्हें सिर्फ राजनीति करना ही आता है। ऐसे वक्त जब हमारे सैनिक शहीद हो रहे हैं, वे राजनीति से बाज नहीं आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का नया पुलवामा मुद्दा सामने आया है। कर्नाटक चुनाव आएंगे और जाएंगे। उन्होंने शरद पवार से मुलाकात पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैं पवार साहाब से मिला। हमारी एमवीए की बैठकें होती रहती हैं। वह एक वरिष्ठ नेता हैं। कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पता नहीं एनसीपी के साथ क्या हो रहा है और यह उनका आंतरिक मामला है। लोग मिलते रहते हैं। पुणे पुलिस ने शुक्रवार को शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत के बिजनेस पार्टनर सुजीत पटकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सुजीत लाइफलाइन

अस्पताल में संजय राउत के पार्टनर हैं। भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत शिकायत दर्ज की गई है। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने 10 अप्रैल को लाइफलाइन प्रबंधन सेवा के खिलाफ पुणे शहर पुलिस में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। राउत के सहयोगी सुजीत पाटकर ने 2020 में जंबो कोविड सेंटर के आवंटन में अनियमितता का आरोप लगाया है। सोमैया का आरोप है कि एलएचएमएस के पास स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का कोई अनुभव नहीं होने के बावजूद फर्जी दस्तावेज के जरिए पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी से 2020 में शिवाजीनगर में जंबो कोविड केंद्र का ठेका हासिल किया गया था।

पटना में लगे 'अतीक अहमद अमर रहे' और 'मोदी-योगी मुर्दाबाद' के नारे, जुमे की नमाज के बाद हुई नारेबाजी

पटना। पटना में माफिया अतीक अहमद के समर्थन में नारे लगे हैं। पटना जंक्शन के पास एक मस्जिद में नमाज के बाद 'अतीक अमर रहे' की नारेबाजी की गई। जानकारी के अनुसार, पटना जंक्शन के पास मस्जिद में जुमे की नमाज अता करने के बाद जब लोग निकल रहे थे, तब वहां कुछ यूट्यूबर्स ने यूपी के अतीक अहमद और अशरफ के शूटआउट प्रकरण पर राय मांगी। इस दौरान कुछ लोग 'अतीक अहमद अमर रहे' के नारे लगाने लगे। इसके साथ ही, लोगों ने 'मोदी-योगी मुदार्बाद' के नारे भी लगाए। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने कहा कि वरीय अधिकारियों से अनुमति लेकर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की चेष्टा करने के आरोप में यूट्यूबर्स पर भी प्राथमिकी की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज निकाला जा रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल की रात को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अतीक और अशरफ को मेडिकल जांच के लिए कॉल्विन अस्पताल लाया गया था। हमलावर मीडियाकर्मी बनकर आए थे। मीडिया से

बातचीत के दौरान ही बदमाशों ने दोनों भाई को गोली मार दी। इस दौरान आरोपियों ने 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए। पुलिस ने हमलवारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान लवलेश तिवारी, सनी और अरुण मौर्य के रूप में हुई।

यूपी में माफिया की कब्र पर चढ़ाया था तिरंगा– हाल ही में, अतीक अहमद की कब्र पर तिरंगा चढ़ाने का मामला सामने आया था। यूपी में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी राजकुमार सिंह रज्जू ने माफिया अतीक की कब्र पर तिरंगा चढ़ाया। इसके साथ ही उसे शहीद का दर्जा देने की भी मांग की। पार्षद प्रत्याशी का वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने भी उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

गोधरा कांड में सुप्रीम कोर्ट से 8 दोषियों को राहत, मिली जमानत

नई दिल्ली। गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस में आगजनी के मामले में आठ दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने आठ दोषियों को जमानत दे दी है। आठ दोषी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अदालत ने इन दोषियों को 17-18 साल जेल में बिताने के आधार पर जमानत दी है। इन दोषियों को निचली अदालत और हाईकोर्ट से उम्रकैद की सजा मिली थी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने चार दोषियों को राहत देने से इनकार कर दिया। चारों दोषियों को निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि फांसी की सजा पाए चार दोषियों को छोड़कर बाकी दोषियों को जमानत दी जा सकती है। गुजरात सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि बोगी को बाहर से बंद आग लगा दी गई थी। आगजनी की घटना में महिलाओं और बच्चों समेत 59 लोगों की मौत हो गई थी। तुषार मेहता ने कहा था कि कुछ लोग कह रहे हैं कि उनकी भूमिका सिर्फ पथराव तक ही सीमित थी। मगर, जब आप किसी डिब्बे को बाहर से बंद करते हैं, उसमें आग लगाते हैं और फिर पथराव करते हैं, तो यह

सिर्फ पथराव नहीं है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट फारुक को पहले ही जमानत दे चुका है। कोर्ट ने बीते साल 15 दिसंबर को आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे फारुक को यह कहते हुए जमानत प्रदान कर दी थी कि वह 17 वर्षों से जेल में है। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल ने फारुक को जमानत दिए जाने का विरोध किया था।

संपादकीय

भाषायी बाधा

बहुभाषिक देश होने की वजह से हमारे यहां प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा का संवैधानिक प्रावधान है। यह अच्छा भी है, क्योंकि बच्चा अपनी मातृभाषा में ही सही ढंग से रचनात्मक सोच विकसित कर पाता है। मगर शिक्षा संबंधी यही भाषायी सुविधा बच्चे के लिए असुविधा बन जाती है, जब वह उच्च शिक्षा के लिए जाता है। खासकर तकनीकी विषयों की पढ़ाई मातृभाषा में कराने की व्यवस्था विकसित ही नहीं की गई। तर्क यह दिया गया कि चूंकि तकनीकी शब्दावली के भारतीय भाषाओं में पर्याय बनाना जटिल काम है, इसलिए उनकी शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी रखना ही उचित होगा। हालांकि अब कुछ राज्य सरकारों ने हिंदी और दूसरी भाषाओं में इंजीनियरिंग, चिकित्सा आदि तकनीकी विषयों की पढ़ाई का प्रयास भी शुरू किया है, मगर पढ़ाने वालों के सामने भाषा संबंधी अड़चनें बनी हुई हैं। इसलिए उच्च शिक्षा में बच्चों का अंग्रेजी से पिंड नहीं छूट पा रहा। वे जैसे-तैसे जोड़तोड़ कर अंग्रेजी में लिखी किताबों से सिद्धांतों और अवधारणाओं को तो आत्मसात कर लेते हैं, मगर जब परीक्षा देने की बारी आती है, तो उनके हाथ-पांव ठंडे पड़ जाते हैं। अनेक मेधावी बच्चे भी परीक्षा में इसीलिए पिछड़ जाते हैं कि उत्तर अंग्रेजी में नहीं लिख पाते। अब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस अड़चन को दूर करने का कदम उठाया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष ने सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि वे विद्यार्थियों को स्थानीय भाषाओं में भी परीक्षा देने का अवसर उपलब्ध कराएं। बेशक पाठ्यक्रम अंग्रेजी में हो, पर उन्हें सवालों का जवाब स्थानीय भाषा में लिखने का अवसर मिलना चाहिए। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों से यह भी अनुरोध किया है कि तकनीकी विषयों की पुस्तकें स्थानीय भाषाओं में भी तैयार कराने का प्रयास होना चाहिए। यह एक तरह से उसी कदम की अगली कड़ी है, जिसके तहत कुछ राज्य सरकारें तकनीकी विषयों की पाठ्यपुस्तकें भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराने के प्रयास में जुटी हैं। यह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करने और प्रतिभा विकास की दृष्टि से तो अच्छी पहल है, मगर व्यावहारिक स्तर पर इसकी सफलता को लेकर सवाल बने ही रहेंगे। उच्च शिक्षा में केवल डिग्री हासिल करना मकसद नहीं होता। उसमें शोध और अनुसंधान की स्वाभाविक अपेक्षा जुड़ी होती है। इसलिए विश्वस्तरीय शोध और अनुसंधान की दृष्टि से स्थानीय भाषाओं में शिक्षा प्राप्त करना अड़चन बन सकता है। फिर, व्यावहारिकता के स्तर पर इसकी उपयोगिता को लेकर बड़ा प्रश्नचिह्न लग जाता है। चिकित्सा विज्ञान में अद्यतन शोधों की जानकारी के बिना काम नहीं चल सकता, इसे स्थानीय भाषा में ग्रहण करना थोड़ा जटिल है। तर्क यह भी दिया जाता है कि जब सामाजिक विज्ञान और कला विषयों में विद्यार्थी अपनी मर्जी से भाषा माध्यम का चुनाव कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकता है, तो तकनीकी विषयों में ऐसा क्यों संभव नहीं है। कुछ विद्यार्थी ऐसे भी उदाहरण हैं, जिन्होंने आइआइटी में अपना शोध हिंदी में लिख कर जमा कर चुके हैं और उनकी प्रतिभा किसी से कम नहीं है। फिर कहा यह भी जाता है कि तकनीकी विषयों का व्यावहारिक उपयोग आखिरकार स्थानीय लोगों के बीच ही किया जाता है, इसलिए उन्हीं की भाषा में उसे अभिव्यक्त करना पड़ता है। इस तरह दोनों पक्षों के दृष्टिगत कुल मिला कर अड़चन संस्थानों और शिक्षकों का स्थानीय भाषाओं के प्रति उदासीन भाव ही स्पष्ट होता है। ऐसे में यूजीसी की ताजा पहल से उनमें पसरी यह जड़ता कुछ टूटने की उम्मीद बनती है।

उनकी मुलाकात!

बंद कमरे में हुई ।
उनकी मुलाकात ।।
लगता कुछ बिछाएंगे ।
आगे की बिसात ।।
चर्चा का बाजार ।
हुआ अचानक गर्म ।।
बोले मिल कर आए हैं ।
कैसी इसमें शर्म ?
हुई है बात कुछ तो ।
ना इसमें है शक ।।
मिलने और जुलने का ।
बनता सबको हक ।।
बढ़ जाए ये सिलसिला ।
आगे इस प्रकार ।।
हाथ मिलाने खातिर ।
हो कुछ पुनर्विचार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

पढाई, दवाई और कमाई के लिए पलायन हमारे नीति निमार्ताओं की नाकामी का द्योतक

2020 बिहार विधानसभा के चुनाव में कविताई अंदाज में भाषण देते हुए सीमांचल की एक जनसभा में तेजस्वी यादव ने कहा था कि- बिहार के लोगों को पढ़ाई, कमाई और दवाई के लिए बाहर जाना पड़ता है। हम ऐसी नीतियां बनाएंगे जिसमें पढ़ाई ,कमाई और दवाई के लिए किसी भी बिहारी को बाहर नहीं जाना पड़ेगा । तेजस्वी यादव का यह वादा और भाषण बार-बार बार चुनावी मंचों से लगभग सभी दलों के मंच से उछाला जाता रहा हैं। दुर्भाग्य से यह वादा और नारा जनता को छलावा देने वाला कोरा नारा बनकर रह जाता है और जमीन पर कभी भी खरा नहीं उतरता है। परन्तु तेजस्वी यादव द्वारा वादे रूप में उठाया गया यह नारा बुनियादी और गम्भीर विषय बनकर बिहार और पूर्वांचल के बुद्धिजीवियों, राजनीतिक ,आर्थिक विश्लेषको और स्वाभिमानी चरित्र के राजनीतिज्ञों के लिए चिंतन-मनन और गहराई से आत्म-विश्लेषण करने का विषय जरूर बन गया है। पढाई, दवाई और कमाई के लिए पलायन यह दशार्ता है कि- शिक्षा, चिकित्सा और रोजी-रोटी जैसी बुनियादी समस्याओं पर हमारे नेताओं द्वारा गम्भीरता से विचार नहीं किया गया।

जब डार्विन अपने देश के लोगों को समझा रहा था कि- हम बन्दर की औलाद है उससे हजार साल पहले चाणक्य और चन्द्रगुप्त के बिहार में नालंदा,बोधगया, विक्रमशिला जैसी ज्ञान की एक दर्जन महान ध्वजपताकाऐ फहरा रही थी और जिसकी गूंज और गंध पूरी दुनिया में फैली हुई थी । इस देश के कोने-कोने से एवं दुनिया के तमाम देशो से लोग अपनी ज्ञान पिपासा को शांत करने के लिए इन विश्वविद्यालयों में अध्ययन हेतु आते रहते थे । ह्वेनसांग और फाह्यान जैसे अनगिनत उदाहरण इतिहास केपन्नों में खोजने खंघालने पर हमें मिल जाएगे । जो पवित्र पावन भूमि ऋषभदेव से लेकर महावीर स्वामी जैसे चौबीस तीर्थंकरो और सत्य अहिंसा करूणा दया परोपकार की साक्षात प्रतिमूर्ति महात्मा बुद्ध जैसे सर्वश्रेष्ठ बौद्धिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक चेतना से परिपूर्ण व्यक्तित्वो की सृजनात्मक ,रचनात्मक और मानवतावादी चिंतनधारा और ज्ञान गंगा से निरन्तर अभिसिंचींत होती रही और आज भी पूरा विश्व इन महापुरुषों के दिव्य ज्ञान और दर्शन से दिव्यालोकित हो रहा है आज उसी बिहार और पूर्वांचल का नौजवान बेहतर जिन्दगी की आस में बेहतर रोजगारपरक शिक्षा के लिए देश के विभिन्न शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानो में पढ़ाई-लिखाई के लिए भटकता रहता हैं । यह गहन अध्ययन और चिंतन का विषय है कि-जिस धरती पर पूरी दुनिया से अपनी ज्ञान क्षुधा तृप्त करने के लिए लोग आते रहते थे आज उसी माटी के लोग शिक्षा ग्रहण करने के लिए देश के दूसरे राज्यों के शिक्षण संस्थानों में मे भटक रहे हैं। मेरा स्पष्ट अभिमत है कि- देश के सर्वोच्च नीति नियंताओं की नियत में खोंट , दूरदर्शिता का अभाव और शिक्षा के ईमानदारी से विकेंद्रीकरण न करने के कारण इस तरह शैक्षणिक दुर्व्यवस्था देखने को मिल रही हैं। देश के हर नागरिक को दुनिया की सबसे बेहतर गुणवत्तापरक और आधुनिक शिक्षा उसकी भाषायी परिसीमा,आंचलिक आंगन के भीतर प्राप्त होनी चाहिए । देश के सर्वोच्च नीति नियंताओं की शिक्षा के प्रति उदासीनता, कामचलाऊ आचरण और ईमानदारी से शिक्षा का विकेंद्रीकरण न कर पाने के कारण पूरे पूर्वांचल और बिहार में शिक्षा के लिए छात्रों और नौजवानों में यह भटकाव देखने को मिलता है । आज पूर्वांचल और बिहार के लोगों को उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के लिए अपने घर से हजारों मील दूर जाना पड़ता है । इस देश का बेहतर भविष्य चाहने वाले नेताओं को बेहतर शिक्षा केन्द्रों के विस्तार और विकेंद्रीकरण पर सारी संकीर्णताओं का परित्याग कर गम्भीरता से विचार करना चाहिए। इस दिशा में स्वर्गीय राजीव गाँधी द्वारा देश के हर जनपद में नवोदय विद्यालय स्थापित करने की पहल शिक्षा के विकेन्द्रीकरण की तरफ ठोस और सकारात्मक और क्रांतिकारी कदम था । इसी तर्ज पर पढने वाले विद्यार्थियो की संख्या को ध्यान में रखकर पूर्वांचल और बिहार में भारतीय उच्च शिक्षा के शिक्षण संस्थानों,भारतीय प्रौद्यौगिकी संस्थान (क कळ) और भारतीय प्रबन्धन संस्थान (क क ट) पर्याप्त मात्रा में स्थापित करने चाहिए । यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि- देश-सेवा समाज- सेवा और जन-सेवा का हवाला देकर राजनीति करने वाले राजनीतिक सूरमा अपनी औलादो को इंग्लैंड आस्ट्रेलिया जर्मनी और अन्य यूरोपीय देशों में पढने के लिए भेजकर न केवल इस देश की महान ज्ञान परम्परा का अपमान करते हैं अपितु समानता जैसे पवित्र संवैधानिक मूल्यों का भी निरादर करते हैं।

जिन पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा देश के विकास के लिए शानदार विकास की योजनाएं परियोजनाएं बनाई और चलाई गई और यह सत्य है कि इन विकास योजनाओं द्वारा देश ने विकास के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किये परन्तु यह समग्र और संतुलित नहीं रहा । देश के नीति निमार्ताओं द्वारा हर बार पंचवर्षीय योजनाओं की उद्घोषणाओं में यह बार-बार यह उल्लेख किया जाता रहा कि देश का समग्र, सर्वांगीण और संतुलित विकास शासन सत्ता का संकल्प है । पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा शानदार विकास हुआ लेकिन वह क्षेत्रीय असंतुलन का शिकार हो गया और। आज इस देश के कुछ राज्य बहुआयामी विकास की रफ्तार पकड़ चुके हैं तो कुछ राज्य बीमारू राज्यों की श्रेणी में आ गये हैं । पंचवर्षीय योजनाओं और दिल्ली के हुक्मरानों द्वारा ढोल नगाड़े जरूर बजाए गए कि- हम देश का समग्र और संतुलित विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। परंतु प्रत्येक सरकारों द्वारा बिहार और पूर्वांचल की पूरी तरह उपेक्षा हुई । कारगर पारदर्शी आर्थिक नीतियों के अभाव और दिल्ली की सरकारों के सौतेलेपन के कारण पूर्वांचल और बिहार का औद्योगिकरण नहीं हो पाया । उद्योग धंधों के पर्याप्त मात्रा में विकास न होने के कारण बिहार और पूर्वांचल के लोगों को रोजी-रोजगार की तलाश में देश के बड़े शहरों महानगरों में जाना पड़ता है। वहां मेहनत मजदूरी जरूर करते हैं महानगरों को अपने परिश्रम पौरूष और पसीने से सजाते संवारते है। फिर भी वहां के स्थानीय निवासियों द्वारा कभी- कभी अपमानित भी किए जाते है । पूर्वांचल और बिहार के छात्रों नौजवानों मे अद्वितीय उर्जा और उत्साह है और प्रतिभा, कुशाग्रता , कुशलता ,परिश्रम, पराक्रम और पुरुषार्थ भी कूट कूट कर भरा हुआ है परन्तु दूरदशीर्तापूर्ण नीतियों और स्पष्ट रोड मैप के अभाव के कारण पूरा पूर्वांचल और बिहार आज भी आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक पिछड़ेपन का शिकार हैं। आजादी के बाद से अबतक पूरब से उगने वाले विकास के हर सूरज का आज भी हर रोज इंतजार पूर्वांचल और बिहार की माटी कर रही हैं और इस माटी का हर नौजवान उस सुनहरी भोर का इंतजार कर रहा है जिस भोर से भावी पीढ़ी को देश दुनिया में सैर सपाटे के लिए तो जाना पडे पर कम से कम पढाई कमाई और दवाई के अपना परिवार अपना प्रदेश कभी भी किसी भी परिस्थिति में न छोड़ना पडे।

मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता
लेखक/ साहित्यकार/ उप सम्पादक कर्मश्री मासिक पत्रिका।

अक्षय तृतीया के दिन यज्ञ, हवन तथा सत्पात्र दान कर अधिकाधिक आध्यात्मिक लाभ लें ! - श्री. विश्वनाथ कुलकर्णी, हिन्दू जनजागृति समिति

अक्षय तृतीया साढ़े तीन मुहूर्तो में से एक पूर्ण मुहूर्त अक्षय तृतीया का होता है । उस दिन तिल तर्पण करना, उदकुंभ दान करना, मृत्तिका पूजन करना और दान देने का बहुत महत्व होता है। अक्षय तृतीया के का अध्यात्म शास्त्र हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा लिए जानेवाले धर्मशिक्षा वर्गों में बताया गया । अक्षय तृतीया त्रेता युग का प्रारंभदिन है । इस तिथि को हयग्रीव अवतार, नर-नारायण प्रकटिकरण और परशुराम अवतार हुआ । इस तिथि को ब्रह्मा और विष्णु की एकत्रित तरंगें उच्च देवताओं के लोक से पृथ्वी पर आती हैं । इस कारण पृथ्वी की सात्विकता 10% बढ़ जाती है । इस काल महिमा के अनुसार इस तिथि को पवित्र स्नान, दान आदि धार्मिक कृतियां करने से आध्यात्मिक लाभ होता है। इस तिथि को देव और पितरों को उद्देश्य कर जो कर्म किए जाते हैं वे सब अक्षय होते हैं ।

महत्व :

अस्यां तिथौ क्षयमुपैति हुतं न दत्तं
तेनाक्षयेति कथिता मुनिभिस्तृतीया ।
उद्दिश्य दैवतपितृनक्रियते मनुष्यैः
तच्चाक्षयं भवति भारत सर्वमेव ॥ - मदनरत्न

अर्थ : (श्रीकृष्ण कहते हैं) हे युधिष्ठिर इस तिथि को किया हुआ दान और हवन का क्षय नहीं होता है, इसीलिए मुनि ने अक्षय तृतीया ऐसा कहा है । देव और पितर इनको उद्देश्य कर इस तिथि में जो कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय होते हैं । साढ़े तीन मुहूर्तो में से एक मुहूर्त माने जाने वाला यह एक मुहूर्त है। इसी दिन से त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ । इस दिन से एक कलह काल का अंत और दूसरे सत्य युग का प्रारंभ, ऐसी संधि होने के कारण अक्षय तृतीया के संपूर्ण दिन को मुहूर्त कहते हैं । मुहूर्त केवल एक क्षण का हो तो भी संधि काल के कारण उसका परिणाम 24 घंटे रहता है इसीलिए यह दिन संपूर्ण दिन शुभ माना जाता है, इसीलिए अक्षय तृतीया इस दिन को साढे तीन मुहूर्त में से एक मुहूर्त माना जाता है ।

धार्मिक कृतियों का अधिक लाभ होना : इस तिथि को की गई विष्णु पूजा, जप, होम, हवन, दान आदि धार्मिक कृतियों का अधिक आध्यातमिक लाभ होता है ऐसा माना जाता है । अक्षय तृतीया के दिन समृद्धि प्रदान करने वाले देवताओं के प्रति कृतज्ञता का भाव रखकर उपासना की जाए तो उन देवताओं की कृपा दृष्टि कभी भी क्षय नहीं होती ऐसा माना जाता है । श्री विष्णु जी के साथ वैभव लक्ष्मी की प्रतिमा का कृतज्ञता भाव रखकर भक्ति भाव से पूजा करनी चाहिए। होम हवन और जप करने में समय व्यतीत करना चाहिए ।

अक्षय तृतीया यह त्यौहार मनाने की पद्धति : काल चक्र का प्रारंभिक दिन भारतीयों को हमेशा ही पवित्र लगता है, इसीलिए इस तिथि को स्नान आदि धर्म कृत बताएं गए हैं । इस दिन की विधि इस प्रकार है -पवित्र जल में स्नान, श्री विष्णु की पूजा, जप, होम, दान और पितृ तर्पण इस दिन अपिंडक श्राद्ध करना चाहिए यदि वह संभव ना हो तो कम से कम तिल तर्पण करना चाहिए ।

ऊदक कुंभ का दान : इस दिन देव और पितरों को उद्देश्य कर ब्राह्मण को उदक कुंभ का दान करना चाहिए ।

शास्त्र : अक्षय तृतीया, इस दिन ब्रह्मांड में अखंड रूप से तथा एक समान गतिशीलता दशार्ने वाली सत्व-रज लहरियों का प्रभाव अधिक मात्रा में होने से इन लहरियों के प्रवाहयोग से पितर एवं देव इनके लिए ब्राह्मण को किया गया दान पुण्यदायी एवं पिछले जन्म के लेनदेन के हिसाब को कर्म-अकर्म करने वाला होता है। कभी भी क्षय न होने वाली लहरियों के प्रभाव की सहायता से किया गया दान महत्वपूर्ण होता है।

तिल तर्पण करना : तिल तर्पण अर्थात देवता एवं पूर्वज इनको तिल एवं जल अर्पित करना। तिल यह सात्विकता का प्रतीक है तथा जल शुद्ध भाव का प्रतीक है। भगवान के पास सब कुछ है, अतः हम उन्हें क्या अर्पण करेंगे, उसी प्रकार मैं भगवान को कुछ अर्पण कर रहा हूं, यह अहंकार ना हो इसलिए तिल अर्पण करते समय भगवान ही मुझसे सब कुछ करवा ले रहे हैं ऐसा भाव रखना चाहिए। इससे तिल तर्पण करते समय साधक का अहंकार नहीं बढता, उसका भाव बढ़ने में सहायता होती है तिल तर्पण अर्थात देवता को तिल के रूप में कृतज्ञता एवं शरणागति का भाव अर्पित करना है।

तिल तर्पण किसे करना चाहिए –

देवता : सर्वप्रथम देवताओं का आवाहन करना चाहिए। तांबे अथवा किसी भी सात्विक धातु की थाली हाथ में लेनी चाहिए ब्रह्मा अथवा श्री विष्णु इनका अथवा उनके एकत्रित स्वरूप अर्थात भगवान दत्त का स्मरण करके, उन्हें उस थाली में आने का आवाहन करना चाहिए। तत्पश्चात देवता सूक्ष्म रूप में यहां आए हैं ऐसा भाव रखना चाहिए । तत्पश्चात उनके चरणों पर तिल अर्पित कर रहा हूं ऐसा भाव रखना चाहिए। परिणामः प्रथम सूक्ष्म रूप से आए देवताओं के चरणों पर तिल अर्पण करने से तिल में देवताओं की ओर से प्रक्षेपित होने वाली सात्विकता अधिक मात्रा में ग्रहण होती है एवं जल अर्पण करने से अर्पण करने वाले का भाव जागृत होता है। भाव जागृत होने के कारण देवताओं की ओर से प्रक्षेपित सात्विकता तिल तर्पण करने वाले को अधिक मात्रा में ग्रहण करना संभव होता है।

पूर्वज : अक्षय तृतीया को पूर्वज पृथ्वी के निकट आने के कारण मानव को अधिक तकलीफ होने की संभावना होती है। मानव पर जो पूर्वजों का ऋण है उसको उतारने के लिए मानव ने प्रयत्न करना चाहिए, यह ईश्वर को अपेक्षित है। इसलिए अक्षय तृतीया को पूर्वजों को सद्गति मिलने के लिए तिल तर्पण करना चाहिए।

पद्धति : पूर्वजों को तिल अर्पण करने से पूर्व, तिलों में श्री विष्णु एवं ब्रह्मा इनके तत्व आने के लिए देवताओं से प्रार्थना करनी चाहिए। तत्पश्चात पूर्वज सूक्ष्म रूप में आए हैं एवं हम उनके चरणों पर तिल एवं जल अर्पित कर रहे हैं ऐसा भाव रखना चाहिए। तत्पश्चात 2 मिनट बाद देवताओं के तत्वों से भरी हुई तिल एवं अक्षता पूर्वजों को अर्पित करनी चाहिए। सात्विक बने हुए तिल हाथ में लेकर उसके ऊपर से थाली में धीरे-धीरे पानी छोड़ना चाहिए, उस समय दत्त, ब्रह्मा अथवा श्री विष्णु इनसे पूर्वजों को सद्गति देने हेतु प्रार्थना करनी चाहिए।

परिणाम : तिलों में सात्विकता ग्रहण करके रज,तम नष्ट करने की क्षमता अधिक है, साधक के भाव अनुसार तिल तर्पण करते समय सूक्ष्म रूप से थाली में आए हुए पूर्वजों के प्रतीकात्मक सूक्ष्म देह पर से काले आवरण दूर होकर उनके सूक्ष्म देह की सात्विकता बढती है एवं उन्हें अगले लोक में जाने के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है।

अक्षय तृतीया के दिन दान का महत्व : अक्षय तृतीया के दिन किये हुए दान का कभी क्षय नहीं होता, इसलिए इस दिन किए गए दान से बहुत पुण्य मिलता है। बहुत पुण्य मिलने से जीव के द्वारा पूर्व में किए गए पाप कम होते हैं और उसका पुण्य संचय बढ़ता है। किसी जीव का पूर्व कर्म अच्छे होने पर उसका पुण्य संचय बढता है, इससे जीव को स्वर्ग प्राप्ति हो सकती है, परंतु साधकों को पुण्य प्राप्त करके स्वर्ग प्रापति नहीं करनी होती उन्हें तो ईश्वर प्रापति करनी होती है । इसलिए साधकों ने सुपात्र को दान करना आवश्यक होता है। यहां सत पात्र दान अर्थात (जहां अध्यात्म प्रसार के साथ राष्ट्र एवं धर्म इनके लिए कार्य किया जाता है ऐसे सब कार्यों में दान करना) सतपात्रे दान करने से दान करने वाले को पुण्य प्रापति नहीं होगी बलकि दान का कर्म अकर्म होगा और उससे साधक की आध्यातमिक उन्नति होगी, आध्यातमिक उन्नति होने से साधक स्वर्ग लोक में ना जाकर उच्च लोक में जाएगा।

धन का दान : ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार सतपात्रे दान संत, धार्मिक कार्य करने वाले व्यक्ति, धर्म प्रसार करने वाली आध्यातमिक संस्था आदि को वस्तु या धन के रूप में दान करना चाहिए।

तन का दान : धर्म विषयक उपक्रमों में सहभागी होना यह तन का दान है। इस हेतु देवताओं की विडंबना, धार्मिक उत्सवों में होने वाले अपप्रकार आदि रोकना चाहिए।

मन का दान : कुल देवता का नामजप करना उसे प्रार्थना करना इसके द्वारा मन अर्पण (दान) करना चाहिए।

मृत्तिका पूजन : हमेशा कृपा दृष्टि रखने वाली मृत्तिका अर्थात मिट्टी के द्वारा ही हमें धान्यलक्ष्मी, धनलक्ष्मी एवं वैभव लक्ष्मी इन की प्राप्ति होती है। अक्षय तृतीया का दिन कृतज्ञता भाव रखकर मृत्तिका अर्थात मिट्टी की उपासना करनी चाहिए ।

मिट्टी मे मेढ़ बनाना एवं बुवाई : संवत्सरारम्भ के शुभ मुहूर्त पर जोती हुई खेत की जमीन में अक्षय तृतीया तक तैयार की हुई मिट्टी (जोती हुई जमीन को साफ करके खाद मिश्रित जमीन को ऊपर नीचे करना) के प्रति कृतज्ञता का भाव रखकर पूजन करना चाहिए। तत्पश्चात पूजन की हुई जमीन में क्यारियां बनानी चाहिए एवं उनमें बीजों की बुवाई करनी चाहिए । अक्षय तृतीया के मुहूर्त पर बीजों की बुवाई प्रारंभ करने से उन बीजों से विपुल अन्न उपजता है एवं बीजों की कभी भी कमी नहीं होती । उससे वैभव प्राप्त होता है। बीज अर्थात खेती से प्राप्त धान्य अपनी आवश्यकतानुसार अलग रखकर बचा हुआ धान्य स्वयं के लिए एवं दूसरों के लिए अगली बुवाई के लिए बचा कर रखना चाहिए ।

वृक्षारोपण : अक्षय तृतीया इस शुभ मुहूर्त पर क्यारियां बनाकर लगाए गए फलों के वृक्ष बहुत फल देते हैं । उसी तरह आयुर्वेद में बताई हुई औषधि वनस्पति भी अक्षय तृतीया के मुहूर्त पर लगाने से इन वनस्पतियों का क्षय नहीं होता अर्थात औषधि वनस्पतियों की कमी नहीं होती।

हल्दी कुंकुम : स्त्रियों के लिए अक्षय तृतीया का दिन महत्वपूर्ण होता है। चैत्र में स्थापित की गई चैत्र गौरी का विसर्जन उन्हें इस दिन करना होता है। इसलिए वे हल्दी कुमकुम भी करती हैं।

पृथ्वी की सेहत का रखें ध्यान : डॉ. आर.सी. पांडेय

पूरी दुनिया में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है । इसकी शुरूआत 1970 ई. में अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने की थी । इस दिवस का मकसद है कि पर्यावरण संबंधी मुद्दों के प्रति दुनिया को जागरूक करके पृथ्वी को बचाना है । पर्यावरण एक अति संवेदनशील मुद्दा है लेकिन अफसोस है कि इसके प्रति जागरूकता की भयंकर कमी दिखलाई पड़ती है । पर्यावरण को बचाने का तात्पर्य है जीवन को बचाना । लेकिन लोग अभी भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीन हैं । इस समय पृथ्वी को सबसे ज्यादा खतरा ओजोन परत के क्षरण से हो रही ग्लोबल वार्मिंग से है । पृथ्वी के लगातार बढ़ते तापमान से ग्लेशियर पिघल रहे हैं । जिसके कारण समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है । यदि ऐसा ही होता रहा तो एक दिन पृथ्वी जल मग्न हो सकती है । इस वर्ष अप्रैल माह में ही गर्मी अपने सभी रिकॉर्ड तोड रही है जिसके चलती धरती तपने लगी है । पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पृथ्वी की सेहत पर बुरा असर पड़ा है । जब पृथ्वी की सेहत अच्छी नहीं रहेगी तो उस पर निर्भर जीव जंतु कैसे सुरक्षित रह सकते हैं । पर्यावरणीय असंतुलन की वजह से आज जीवों की अनेक प्रजातियां लुप्त हो गई हैं और कुछ लुप्त होने के कगार पर हैं । जिसके चलते जैव विविधता पर खतरा मंडरा रहा है । पर्यावरण जैसे अति महत्वपूर्ण मुद्दे को सिर्फ सरकार के ही भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है । इसके लिए लोगों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी । सरकार द्वारा पॉलिथीन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के बावजूद भी लोग-बाग इसका इस्तेमाल बंद नहीं करना चाहते हैं । पॉलिथीन की वजह से जल और जमीन दोनों पर प्रदूषण की मात्रा बढ़ गई है । जल, वायु तथा ध्वनि प्रदूषण की चपेट में सिर्फ मनुष्य ही नहीं है बल्कि अन्य जीव-जंतु भी हैं । आखिर हम इसके प्रति सचेत कब होंगे । आने वाली पीढ़ियों को 'सुजलाम सुफलाम शस्य श्यामलाम' धरती सौंपने के लिए लोगों को अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करना होगा । दुनिया के सभी नागरिकों को इको फ्रेंडली बनना होगा । प्रकृति के जितना ही हम करीब जाएंगे प्रकृति से लगाव उतना ही हमारा मजबूत बनेगा । औद्योगिक विकास ने जीवन में सुविधाएं तो बढ़ा दी है लेकिन उसकी कीमत बहुत भयावह है । भौतिक संसाधनों के उपयोग के चलते पर्यावरण प्रदूषण का ग्राफ खतरनाक ढंग से बढ़ा है । अब समय आ गया है कि तथाकथित विकास के नाम पर पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोका जाए । विकास व पर्यावरण में संतुलन कायम किया जाए । आज पृथ्वी दिवस के मौके पर हम सब को एक सजग नागरिक का परिचय देते हुए संकल्प लेना चाहिए कि पर्यावरण के प्रति हम संवेदनशील रहेंगे । तथा अपनी त?फ से उन सभी चीजो को रोकने का प्रयास करेंगे जिससे हमारा पर्यावरण खतरे में है । हम सभी अधिक से अधिक पौधारोपण करके अपनी मातृभूमि की हिफाजत करेंगे । पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद करके जल संरक्षण व भौतिक संसाधनों पर निर्भरता कम करके पृथ्वी पर उपजे संकटों को दूर करने में हम सबको अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी । पृथ्वी दिवस पर होने वाले आयोजन सिर्फ रस्म अदायगी भर न होकर लोगो को सचेत करने की वास्तविक कोशिश होनी चाहिए । इस मौके पर ऐसे आयोजन किये जाए ताकि लोगों में पर्यावरण के प्रति स्वतः स्फूर्त चेतना पैदा हो । धरती, जल व वायु को प्रदूषण मुक्त बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है । धरती से ही जीवन है इसलिए इसकी सेहत का ध्यान रखना हम सबका परम कर्तव्य है ।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

मौत के मुंह में खड़े मरीज को बॉडी रिवाइवल ने दी नई जिंदगी

हेल्थ संवाददाता/मुंबई। कैंसर एक ऐसा नासूर रोग है, जिसका नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप उठती है। कैंसर से निपटने के लिए आज भी पूरी दुनिया शोध में लगी हुई है, लेकिन आज तक कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का निदान नहीं निकल पाया। बड़े से बड़ा अस्पताल हो या बड़े से बड़ा डॉक्टर, कोई भी कैंसर के खात्मे का ठोस अध्ययन नहीं कर पाया, लेकिन मुंबई में एक ऐसी शख्सियत है जिसने अब तक कैंसर के कई मरीजों को मौत के मुंह से निकालकर उन्हें नया जीवन दान दिया है। बॉडी रिवाइवल के प्रणेता के रूप जिन्हे जाना जाता है, उनका नाम है मुनीर खान। इसी कड़ी में मुंबई के अंधेरी पूर्व स्थित मरोल इलाके में रहने वाले मोहम्मद मुस्तफा सैयद मुंह के कैंसर से बुरी तरह परेशान थे। उनकी परेशानी का इसी बात से अंदाजा लगाइए कि दिन हो या रात, उन्हें कुछ पता ही नहीं चलता था। मुस्तफा के मुंह में कैंसर होने की वजह से उनके चेहरे पर सूजन आ गई थी और उन्हें असहनीय पीड़ा का सामना करना पड़ रहा था. मुस्तफा का पूरा परिवार मुस्तफा को होने वाली असहनीय पीड़ा से बुरी तरह परेशान था। मुंबई

के टाटा अस्पताल और नायर अस्पताल के कई दिनों तक मुस्तफा के परिवारवालों ने कई चक्कर काटे, लेकिन मुस्तफा की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती चली गई. मुंह के कैंसर से जूझ रहे मुस्तफा को दर्द होने लगता, तो वे तड़प कर रह जाते। परिवार के सदस्य मुस्तफा के इलाज के लिए अपना सब कुछ लुटा देने के लिए तैयार थे, लेकिन कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी ने मुस्तफा को ऐसी अवस्था में पहुंचा दिया, जैसे कि ' जल बिन मछली ' कहते हैं ।

जब नासूर रोग से ग्रसित किसी व्यक्ति को बचाना होता है तो, ईश्वर कोई न कोई रास्ता अवश्य बनाता है। इसी तरह गंभीर रूप से बीमार मुस्तफा सैयद को भी बॉडी रिवाइवल ऐसे मिली जैसे किसी

"डूबते को तिनके का सहारा."- इसी तरह मुस्तफा के परिवार वालों को किसी के जरिए बॉडी रिवाइवल के बारे में पता चला जिसके बाद, मोहम्मद मुस्तफा सैयद ने मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित हेल्थ रिएक्टिव ऑफिस का रुख किया, जहां उन्हें बताया गया कि बॉडी रिवाइवल से उनको फायदा पहुंचेगा। मोहम्मद मुस्तफा सैयद का कहना है कि टाटा अस्पताल के डॉक्टर ने उन्हें ऑपरेशन के लिए 6 महीने का वक्त दिया था, लेकिन उनके पास इतना समय नहीं था. उनके सामने दो तरह की गंभीर समस्याएं थी। एक तरफ उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, तो दूसरी तरफ टाटा अस्पताल के डॉक्टर ने कैंसर के ऑपरेशन के लिए उन्हें लंबा समय दिया, जो उनके लिए ठीक नहीं था क्योंकि उनका कैंसर दिन-ब-दिन और भी घातक होता जा रहा था। अंत में मुस्तफा ने जब बॉडी रिवाइवल का सेवन करना शुरू किया तो शुरूआती तीन डोज में उनका दर्द बढ़ गया जिससे मुस्तफा बुरी तरह से डर गए। उन्हें ऐसा लगा जैसे कि उनके मुंह में कुछ हलचल सी हो रही है, जिसके फौरन बाद मुस्तफा के परिवार वालों ने हेल्थ रिएक्टिव ऑफिस में फोन करके मुस्तफा के हालात की जानकारी दी। हेल्थ रिएक्टिव स्टाफ से मुस्तफा के परिवार वालों को यह पता चला कि उन्हें जो दर्द हो रहा है वह बॉडी रिवाइवल औषधि से ही हो रहा है। कुछ ही दिनों में मुस्तफा के मुंह में कैंसर वाले स्थान से मवाद निकलना शुरू हो गया और उन्हें असहनीय पीड़ा से राहत मिलने लगी।

मुस्तफा का कहना है कि उन्होंने कई तरह की अंग्रेजी दवाइयों का सेवन किया, लेकिन उससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा. जब उन्होंने बॉडी रिवाइवल का सेवन करना शुरू किया, तो महज एक सप्ताह के भीतर असहनीय पीड़ा से ना सिर्फ छुटकारा मिला बल्कि जिस स्थान से पस और उसके बाद खून निकला वो जगह सूखने लगी। सबसे ज्यादा गौर करने वाली बात यह है कि कैंसर की वजह से मुस्तफा का जो खानपान छूट गया था, वह फिर से शुरू हो गया और उन्हें अब भूख भी लगने लगी। धीरे-धीरे मुस्तफा के जीवन की गाड़ी अपनी पटरी पर लौटने लगी और तबाही की कगार पर खड़ा मोहम्मद मुस्तफा का परिवार उजड़ने से बच गया। पति के स्वास्थ्य को लेकर मुस्तफा की पत्नी की चिंता अब खत्म होने लगी. मुस्तफा का बेटा अपने पिता के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए अल्लाह पाक से रोज दुआएं मांगता था। आखिरकार ऊपर वाले ने मुस्तफा के परिवार की दुआ कबूल कर ली और मुस्तफा ठीक हो गए। दरअसल साल 1972 में जब से मुनीर खान ने आयुर्वेदिक विज्ञान में गहराई से शोध करना शुरू किया, तब से उनकी यही कोशिश रही कि आयुर्वेद और विज्ञान को मिलाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में चमत्कार किया जा सकता है। तीन साल के अथक प्रयास के बाद आखिर उन्होंने दुनिया को बॉडी रिवाइवल के रूप में अनमोल तोहफा दिया, जो कि शरीर की मृत और जहरीली कोशिकाओं को बाहर निकाल देता है और रोग निरोधक शक्ति को बढ़ा देता है। बॉडी रिवाइवल के प्रणेता मुनीर खान का कहना है कि हर्बल सस्पेंशन से बॉडी रिवाइवल एक विजन के साथ लॉन्च किया गया है, जिसका उद्देश्य है मानव जाति को जटिल से जटिल रोगों से निजात दिलाना. आज सिर्फ मुस्तफा ही नहीं बल्कि कई ऐसे मरीज हैं जिन्हें डॉक्टरों ने जवाब दे दिया, ऐसे लोग आखिरी उम्मीद लेकर हेल्थ रिएक्टिव क्लिनिक पहुंचते हैं क्योंकि बॉडी रिवाइवल यानी "उम्मीद नवजीवन की"।

फूलपुर व सिन्धोरा के तीन दर्जन स्थानों पर हुई नमाज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील क्षेत्र के फूलपुर व सिंधोरा थाना क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा की नमाज अकीकद के साथ पढ़ी गई। क्षेत्र के ताड़ी, नेवादा, कठिराव, पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा, नदोय, काशीपुर, मीराशाह, थाना, सराय व मंगारी समेत तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर अलविदा की नमाज अदा की गई। इस दौरान एसीपी अमित पांडेय, कार्यवाहक थाना प्रभारी फूलपुर विवेकानंद द्विवेदी, सिंधोरा थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा व चौकी प्रभारी कठिराव विवेक पाठक समेत अनेक पुलिसकर्मी रहे।

ईद की नमाज में शांति व सौहार्द का वातावरण बनाये- एसीपी अमित कुमार पांडेय ने कहाकि क्षेत्र के लोग ईद की नमाज समय से निश्चित स्थान पर अदा करे तथा शांति और सौहार्द का वातावरण बनाये। किसी भी तरह के अराजक तत्वों के बारे में सूचना अवश्य दे। उक्त बातें सिंधोरा थाना परिसर में शुक्रवार की शाम आयोजित शांति समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहाकि ईद की नमाज जिस जगह निर्धारित है उसी जगह पढ़े। सिंधोरा में जामा मस्जिद में भीड़ होने पर शिफ्टवार जमाज अदा करने का निर्णय लिया गया। उनके समक्ष नदोय की समस्या उठी। जिसमे सभी को अपने अपने निर्धारित मस्जिद में नमाज अदा करने की बात कही। इस दौरान थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

झोपड़ी में आग लगने से 5 बकरीयां मरी, 2 मवेशी झुलसे

बिल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के जमीन सिसेण्ड दलित बस्ती में गुरुवार की दोपहर एक रहिवासी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग की लपटे इतना तेज थी। कि देखते ही देखते वह विकराल रूप ले ली जिसमें एक गाय का बछड़ा वह 5 बकरीया जलकर मर गई। वहीं एक गाय वह 2 अन्य मवेशी झुलस गए। आग की लपटे और चीख-पुकार सुन अगल-बगल के लोग मवेशियों को बचाने में लग गए। मिली जानकारी के अनुसार उमेश चंद राम के रहिवासी मड़ई में पहले आग लगी। आग धीरे-धीरे विकराल रूप लेते हुए। सत्येंद्र राम, तारकेश्वर राम, और घूराराम, के मड़ई तक पहुंच गया।

थाना नोनहरा और बिरनो में तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद एवं थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक मधुसूदन पाण्डेय मय हमराही कर्मचारी कांस्टेबल आलोक तिवारी व कांस्टेबल सोनू गौड़ द्वारा गोवध अधिनियम के वांछित अभियुक्त पवन सिंह यादव पुत्र प्रभुनाथ यादव ग्राम गन्दपा उर्फ सहजा थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर को मुखबीर खास की सूचना पर खान मोड़ वहद ग्राम बरार से पुलिस हिरासत मे लिया गया । अभियुक्त के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ ।अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक

कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार थाना बिरनो में उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव मय हमराह पुलिस बल के देखभाल क्षेत्र,व भ्रमण के दौरान भवरहां पुल से मीरपुर जाने वाली रोड पर नहर पुल के पास से मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त बबलू चौहान पुत्र रामप्रसाद चौहान निवासी ग्राम नसरतपुर थाना बिरनो जनपद गाजीपुर के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा .315 व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। तथा अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया में मा0 न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबल मुलायम यादव, कांस्टेबल जितेन्द्र गुप्ता शामिल रहे।

मनाई गई शिक्षाविद स्व0 राम अवतार यादव की श्रद्धांजलि सभा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बबेड़ी गांव के जलसा गार्डन में दिवंगत शिक्षक व पूर्व जिला अध्यक्ष यादव महासभा के स्व. रामअवतार यादव की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यादव महासभा के वर्तमान जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि स्व0 राम अवतार यादव लोगो के दिलों में हमेशा जिदा रहेंगे। और एक जन शिक्षक के रूप में गरीबों के लिए उन्होंने हमेशा मसीहा बनकर कार्य किया, उनका स्थान कोई नहीं ले सकता है। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश स्तर एवं जिला स्तर के तमाम राजनीतिक, सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षाविदों व शिक्षको, छात्रों व सजातीय बंधुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धांजलि सभा में दीप प्रज्वलन सभाजीत यादव व प्रमोद मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। सभा की अध्यक्षता हरिद्वार यादव ने तथा कार्यक्रम संचालन सुदामा विश्वकर्मा ने किया। श्रद्धांजलि सभा में अन्य

गणमान्य लोगों में डॉ0 कमलेश यादव संरक्षक, राम विजय यादव उपाध्यक्ष व सजपा प्रदेश सचिव, राम ज्ञान यादव उपाध्यक्ष, प्रवीण यादव महासचिव, दुर्योधन सिंह यादव समाजसेवी, संतोष यादव पूर्व सांसद प्रत्याशी गाजीपुर, संग्राम यादव मंत्री, मदन यादव कोषाध्यक्ष, सरोज यादव अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रामानुज सिंह मंडल अध्यक्ष, चौ. दिनेश चंद्र राय प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, शिव कुमार सिंह जिला अध्यक्ष, राणा प्रताप सिंह पूर्व महामंत्री, रत्नेश राय उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश यादव पूर्व अध्यक्ष, कैलाश यादव पूर्व अध्यक्ष, विजय शंकर राय पूर्व प्रवक्ता, रियाज खान, विभा पाल समाजसेवी एवं नेत्री, अभिलाषा देवी, सरोज यादव, ललिता यादव, गायत्री, चंदा यादव, कविता यादव, नीतू यादव, सुषमा चौरसिया, नीलम यादव, मालती देवी, ललन पांडे, देवेंद्र यादव, आकाश यादव, गुड्डू सिंह यादव, कृपा शंकर यादव, भागेलु यादव आदि ने श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित किया।

बाल विवाह रोकने के लिए बैठक संपन्न

बलिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत बलिया जिले में कही भी अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह हो रहा है तो चाइल्ड लाइन 1098 एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 181 एवं महिला शक्ति केन्द्र बलिया जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं नजदीकि थाना को तत्काल सूचित करें। अतः अक्षय तृतीया के मौके पर बड़ी संख्या में बाल विवाह होने की सम्भावना होती है इसलिए जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में अध्यक्ष / सदस्य बाल कल्याण समिति बलिया, प्रभारी एस०जे०पी०यू० बलिया, प्रभारी महिला थानाध्यक्ष कोतवाली बलिया, विधी सह परिवीक्षा अधिकारी जिन्बा०सं०ई०, संरक्षण अधिकारी जिन्बा०सं०ई० बलिया, सेन्टर मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर बलिया, महिला कल्याण अधिकारी महिला शक्ति केन्द्र बलिया एवं निदेशक चाइल्ड लाइन बलिया उपस्थित रहे।

जिला पंचायत राज अधिकारी से मिला सफाई कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गाजीपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष रोशनलाल के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल मौर्य से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा जनपद के सफाई कर्मचारी साथियों की समस्याओं जैसे गौशाला से मुक्ति, महिला, दिव्यांग, पति पत्नी एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित सफाई कर्मचारियों की निकटतम तैनाती आदि समस्यायों से जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिला पंचायत राज अधिकारी गाजीपुर द्वारा भी प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता पूर्वक सुना गया और उसका अति शीघ्र निराकरण करने हेतु आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष रोशनलाल, जिला मंत्री ईश्वर यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी, प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राजेश यादव, करंडा ब्लॉक अध्यक्ष व पूर्व जिला अध्यक्ष राम नगीना यादव, देवकली ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व जिला मंत्री पंकज यादव, सैदपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजनाथ राम, मनिहारी ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

विकसित किए गए तीन वेंडिंग जोन का उद्घाटन व लोकार्पण के साथ अन्य चिन्हित वेंडिंग जोन का शिलान्यास शीघ्र करें राज्य सरकार - संजय चोपड़ा

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। पूर्व मुख्यमंत्री हरिद्वार के लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के अपने सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का मौके मुआयने के साथ हरिद्वार नगर निगम द्वारा विकसित किए गए` प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन, चंडी घाट मार्ग, रोड़ी बेलवाला महिला पिंक वेंडिंग जोन ज्वालापुर, पुल जटवाड़ा के तीसरे वेंडिंग जोन की समीक्षा के साथ मौके पर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के सुझाव को दृष्टिगत रखते हुए वेंडिंग जोन सहित अन्य क्षेत्रों तीर्थयात्रियों व चार धाम यात्रा में प्रशासन द्वारा दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया मौके पर हरिद्वार के लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना के तहत बनाए जा रहे वेंडिंग जोन में हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले सौंदर्यकरण सड़क, बिजली, पानी, सोलर लाइट, सीसीटीवी कैमरे इत्यादि हाईटेक सुविधाओं को शीघ्र ही अतिरिक्त सुविधाओं के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ` इस अवसर पर हरिद्वार के लोकसभा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में पूरे भारतवर्ष में रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत भारतवर्ष में प्रथम चरण में 50 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को शहरी समृद्धि के तहत आत्मनिर्भरता की और बढ़ाया जा रहा है वही हरिद्वार, देहरादून, ऋषिकेश, रुड़की अपितु उत्तराखंड के प्रत्येक जिले में स्थानीय नगर निकाय के माध्यम से महिला सहायता समूह के साथ (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को भी केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार के साथ जोड़ा जा रहा है उन्होंने कहा कि

हरिद्वार में अभी मात्र 200 रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को वेंडिंग जोन के रूप में व्यवस्थित में स्थापित किया गया है` शीघ्र ही नगर निगम के सर्वे के अनुसार बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, स्थानीय पार्किंग, मठ मंदिरों सर्वजनिक स्थलों के समीप दो से ढाई हजार लगभग रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को वेंडिंग जोन के रूप में सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर भयमुक्त रोजगार के अवसर देकर परिवार की आजीविका चलाने के लिए स्थान प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाएंगे` इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष,पूर्व मंडी अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरिद्वार के लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन पर पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए कहा कोविड-19 की वैश्विक महामारी के दौरान हरिद्वार के लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार वेंडिंग जोन के रूप में स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया था उसी के फलस्वरुप अब तक हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा तीन वेंडिंग जोन में स्थानीय लाभार्थी लघु व्यापारी अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं` संजय चोपड़ा ने लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का आभार प्रकट करते हुए मांग की शीघ्र ही विकसित किए गए तीन वेंडिंग जोन का लोकार्पण, उद्घाटन के साथ अन्य चिन्हित 12 वेंडिंग जोन का भूमि पूजन शिलान्यास स्ट्रीट वेंडर्स के हित में किए जाने की मांग को भी प्रमुखता से दोहराया` न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन के निरक्षण के दौरान लोकसभा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का स्वागत करते वरिष्ठ भाजपा नेता जयपाल सिंह चौहान,भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, मनोज गौतम, लघु व्यापारी नेता मनोज मंडल, राजेंद्र पाल, मोहनलाल, दिलीप गुप्ता, कमल कुमार, नंदकिशोर नंदू, जय सिंह बिष्ट,ओम प्रकाश कालयान, भरत सिंह, पिंक वेंडिंग जोन की अध्यक्ष श्रीमती पूनम माखन, कामिनी मिश्रा, श्रीमती मंजू पाल, सुनीता चौहान, आशा कश्यप, सुमन गुप्ता, नम्रता सरकार, आजम, यामीन अंसारी, नईम सलमानी, जय भगवान, रणवीर सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

पत्रकार को मातृ शोक

प्रखर वाराणसी जनसंदेश टाइम्स से जुड़े पत्रकार व पत्रकार प्रेस क्लब के जिला मंडल सचिव संतोष कुमार दुबे की माता का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार की सुबह करीब सुबह आठ बजे 87 वर्षीय विद्यावती देवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे गत करीब 15 दिनों से बीमार चल रही थी।वे अपने पीछे चार पुत्र व नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। विद्यावती देवी के आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में लोग पत्रकार संतोष कुमार दुबे के कछवांरोड स्थित ठठरा गांव घर पहुंच ढांढस बंधाया। हिन्दुस्तान के पत्रकार व पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश महासचिव पवन कुमार त्रिपाठी, पत्रकार उमेश उपाध्याय, पत्रकार भरत निधि तिवारी, पत्रकार विनीत त्रिपाठी, पत्रकार आनंद तिवारी, पत्रकार अवनीश कुमार दुबे, पत्रकार अभिषेक त्रिपाठी, शुभाष केशरी, आशीष पटेल, पत्रकार राकेश केशरी, पत्रकार प्रकाश कुमार राय समेत गणमान्य नागरिकों ने शोक संवेदना प्रकट किया। शुक्रवार को मिजार्पुर जिले के कछवां स्थित बरैनी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।सबसे बड़े पुत्र राम नगीना दुबे ने उन्हें मुखाग्नि दी।

साधन सहकारी समिति के संचालक मंडल सदस्यों का शपथ ग्रहण संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। साधन सहकारी समिति लि0 आराजी ओडासन के नवनिर्वाचित सभापति उपसभापति व संचालक मंडल के सदस्यों को शुक्रवार को शपथ ग्रहण कराया गया। साधन सहकारी समिति आराजी ओडासन के परिसर में नवनिर्वाचित सभापति रमेश यादव उपसभापति व संचालक सदस्यों को साधन सहकारी समिति सचिव सुरेंद्र यादव ने शपथ दिलाया। इस अवसर पर सभापति रमेश यादव ने कहा कि किसानों का विकास सहकारिता के द्वारा ही हो सकता है।इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। ताकि पुनर्निर्माण करा कर सहकारिता संकुल बनाया जाए। किसानों के लिए सहकारिता के उद्देश्य पर भी विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि सरकारी समितियों के माध्यम से किसानों को बेहतर बीज, खाद आदि मिलती रहे ।हम सभी को सक्रिय रहना पड़ेगा इस दौरान किसानों की हर समस्याओं पर भी ध्यान देना होगा । इस मौके पर मिष्ठान वितरण व सहभोज का भी कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर विनोद पटेल, रामलाल प्रजापति, रवि प्रकाश सिंह, संतोष यादव, शिव शंकर यादव, धूमा यादव, राम अवध यादव, वीरेंद्र सिंह, लालाराम, श्यामसुंदर राजभर, श्रीमती कुसुम यादव, जितेंद्र यादव, संतोष राम, बालकिशुन, आदि लोग उपस्थित रहे अंत में सचिव सुरेंद्र यादव द्वारा आए हुए सभी आगंतुक लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

ईद-उल-फितर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शहर में किया रूट मार्च

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पढ़ी जाने वाली नमाज स्थल एवं रूट मार्च विशेश्वरगंज चौराहे से शुरू हुआ मिश्र बाजार होते हुए लाल दरवाजा, कपूरपुर, एम.एस.इंटर कॉलेज नवाबगंज, मार्किंग गंज, चितनाथ घाट, स्ट्रीमर घाट, टाउन हॉल, प्रकाश टॉकीज, लाल दरवाजा, मिश्र बाजार, का स्थलीय भ्रमण किया। भ्रमण के उपरान्त जिलाधिकारी ने स्थित मस्जिद के आस-पास साफ-सफाई का जायजा लेते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सख्त हिदायत दी की किसी भी स्थल पर गंदगी उत्पन्न न हो एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रखे अन्यथा की स्थिति में समस्या आने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी एवं पुलिस विभाग को त्यौहारों के अवसर पर विशेष सर्तकता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने तैनात पुलिस बल को लगातार भ्रमणशील रहते हुए यथा स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो तुरंत उच्चाधिकारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नियमित रूप से जलापूर्ति तथा अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 क्षेत्राधिकारी शहर, अधि0अभियन्ता नगर पालिका परिषद गाजीपुर के साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी रहे।

रैली निकालकर संचारी रोग के प्रति किया गया जागरूक

सिकन्दरपुर (बलिया)। शिक्षा क्षेत्र नवानगर अन्तर्गत ग्राम पंचायत नवानगर स्थित कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने गुरुवार को संचारी रोग से बचने के लिये एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के साथ साथ जो बच्चे विद्यालय जाने से वंचित हैं। उन्हें नामांकन कराने के हेतु प्रेरित करने के लिए स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली को ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ब्लॉक नवानगर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से चलकर पूरे गांव में भ्रमड़ करते हुए विद्यालय पर पहुँची। बच्चों ने संचारी रोग सबंधी नारे लगाते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विद्यासागर राम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज मिश्रा, संगीता सिंह, रुकय्या बानो सहित शिक्षक आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

एक ही परिसर में स्थित पंचायत भवन व प्राथमिक विद्यालय से हजारों का सामान चोरी

रतसर (बलिया)। स्थानीय चौकी क्षेत्र के अमडरिया गांव में बुधवार की रात एक ही परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय व पंचायत भवन का ताला तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया है। सुबह स्कूल का ताला टूटा हुआ देखकर ग्रामीणों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक, सचिव एवं ग्राम प्रधान को सूचना दिया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी अखिलेश नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

ऐसे होता है अधिकांश जानवरों में लिंग का निर्धारण

मेलबर्न (द कन्वरसेशन)। इंसानों और दूसरे जानवरों में लिंग आमतौर पर एक ही जीन से तय होता है। हालांकि, ऐसे दावे हैं कि प्लैटीफिश जैसी कुछ प्रजातियों में, जीनों की एक पूरी 'संसद' मिलकर यह निर्धारित करती है कि होने वाली संतान नर के रूप में विकसित होगी या मादा के रूप में। एक नए विश्लेषण में हमने इन दावों पर करीब से नजर डाली। हमने पाया कि वे असामान्य स्थितियों का वर्णन करते हैं, जैसे कि विभिन्न लिंग-निर्धारण प्रणालियों वाली दो प्रजातियों के बीच संकर, या जब एक लिंग प्रणाली दूसरे का स्थान लेने की प्रक्रिया में हो। हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि लिंग सामान्य रूप से एक जीन द्वारा निर्धारित होता है। विकासवादी सिद्धांत बताता है कि यह सबसे स्थिर स्थिति है, क्योंकि यह नर और मादा के 1:1 अनुपात को सुनिश्चित करता है।

अन्य कशेरुकियों में लिंग : रीढ़ (रीढ़ की हड्डी) वाले जानवरों में, लिंग निर्धारण करने वाली प्रणालियों की एक विशाल विविधता है। हालांकि, वे आमतौर पर एक जीन की कार्रवाई पर निर्भर करते हैं। कई मछलियों, मेंढकों और कुछ कछुओं में हमारे जैसी प्रणालियां होती हैं, जिनमें वाई गुणसूत्र पर एक नर प्रधान जीन वृषण विकास को निर्देशित करता है। कुछ कशेरुकियों में विपरीत होता है, एक्स गुणसूत्र पर एक मादा-प्रमुख जीन।

अन्य कशेरुकी एक जीन के अंतर का उपयोग करते हैं। पक्षियों में, नर में लिंग-निर्धारण करने वाले जीन डीएमआरटी1 के साथ एक जैड गुणसूत्र की दो प्रतियां होती हैं। मादा में केवल एक जैड और एक डब्ल्यू गुणसूत्र होता है जिसमें डीएमआरटर1 की कमी होती है। लिंग डीएमआरटी1 पर निर्भर करता है, जैडजैड नर में दो प्रतियां, बनाम जैड डब्ल्यू मादा में एक। आश्चर्यजनक रूप से, कई अलग-अलग जीन विभिन्न प्रजातियों में मास्टर स्विच के रूप में कार्य करते हैं। लेकिन वे सभी एक ही नर या मादा भेद मार्ग को ट्रिगर करके कार्य करते हैं।

ये एकल-जीन सिस्टम नर और मादा की समान संख्या प्रदान करते हैं, जो सिद्धांत कहता है कि एक स्थिर प्रणाली के लिए इष्टतम संतुलन है। यदि अनुपात एक लिंग के पक्ष में है, तो जो व्यक्ति दूसरे लिंग का अधिक उत्पादन करते हैं वे अधिक वंशज छोड़ेंगे और उनके जीन तब तक फैलेंगे जब तक कि 1:1 अनुपात प्राप्त नहीं हो जाता। कुछ असाधारण प्रजातियां कुछ एक्वेरियम मछली में अधिक जटिल प्रणालियां होती हैं। प्लैटीफिश में जेनेटिक क्रॉस दो या दो से अधिक जीन दिखाते हैं जो नर या मादा विकास को निर्धारित करते हैं; ऐसा लगता है कि समुद्री वास में कम से कम तीन सेक्स जीन होते हैं। कुछ मेंढक और छिपकली दो या दो से अधिक जीन का उपयोग करके लिंग का निर्धारण करते हैं। ऐसी भी कुछ प्रजातियां हैं, जिनमें दो या दो से अधिक जोड़े लिंग क्रोमोसोम होते हैं।

लिंग के लिए मानव 'मास्टर स्विच'

स्तनधारियों में, महिलाओं में दो एक्स गुणसूत्र होते हैं, जबकि पुरुषों में एक एक्स और एक वाई होता है। वाई गुणसूत्र में एसआरवाई नामक एक जीन होता है, जो 'मास्टर स्विच' के रूप में कार्य करता है, एक एक्सवाई भ्रूण, एसआरवाई युक्त, एक जैविक पुरुष में विकसित होता है और एक एक्सएक्स भ्रूण, जिसमें एसआरवाई की कमी होती है, एक जैविक मादा के रूप में विकसित होता है। यह लिंग की विरासत को सरल बनाता है। मादाएं अंडे बनाती हैं, जिनमें एक एकल एक्स गुणसूत्र होता है, जबकि नर शुक्राणु बनाते हैं, आधे में एक्स और आधे में वाई होता है। अंडों और शुक्राणुओं के संयोग से 1:1 लिंग अनुपात में आधी एक्सएक्स महिलाएं और आधे एक्सवाई पुरुष पैदा होते हैं।

प्रचंड गर्मी के कारण 90% स्वास्थ्य जोखिम में

- 2050 तक लू से 30 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित होंगे और वर्ष 2100 तक 60 करोड़ भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता इसकी वजह से कमतर होगी

■ लंदन (भाषा)।

पिछले साल जलवायु परिवर्तन के कारण पड़ी प्रचंड गर्मी की वजह से लगभग 90 प्रतिशत भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दों, खाद्यान्न संकट तथा मौत को लेकर ज्यादा जोखिम में हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में बृहस्पतिवार को यह कहा गया। शोध पत्रिका 'पीएलओएस क्लाइमेट' में यह अध्ययन ऐसे वक्त प्रकाशित हुआ है जब भारत के कई हिस्से पहले से बढ़ते तापमान के कारण भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत वर्तमान में जलवायु जोखिम को मापने और अनुकूलन के लिए योजना बनाने के संबंध में राष्ट्रीय जलवायु जोखिम सूचकांक (सीवीआई) का इस्तेमाल करता है।

सीवीआई में विभिन्न सामाजिक आर्थिक, जैव-भौतिक, संस्थागत और ढांचागत कारक शामिल हैं, लेकिन इसमें लू के लिए कोई भौतिक जोखिम संकेतक नहीं है। यह ऐसा संकेतक है जो नीति निर्माताओं को यह विचार करने में मदद करेगा कि अत्यधिक गर्मी वास्तव में भारतीय आबादी को कैसे प्रभावित करती है। रिपोर्ट के लेखक और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में कैम्ब्रिज जीरो फेलो डॉ रमित देबनाथ ने कहा, गर्मी के प्रकोप का मापन भारत के उन हिस्सों की पहचान करता है जहां आबादी लू के लिए सबसे अधिक जोखिम में है। इससे पूरे भारत में राज्य स्तर पर बनाई जा रही गर्मी की कार्य योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, इसलिए, हम यह पता लगा सकते हैं कि अत्यधिक गर्मी वास्तव में लोगों को और देश के किन हिस्सों को कैसे प्रभावित करती है। भारत की आबादी पर लू के निरंतर प्रभावों को मापने के लिए 'गर्मी सूचकांक' को शामिल करने वाला यह पहला अध्ययन है। सूचकांक मापता है कि मानव शरीर आसपास की परिस्थितियों के सापेक्ष कितनी गर्मी महसूस करता है जब आर्द्रता और हवा का तापमान एक साथ जोड़ा जाता है। अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि सीवीआई भारतीय आबादी के लिए लू के मुख्य जोखिमों और खतरों को कम करके आंकता है क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार के गर्मी दबाव मापन शामिल नहीं हैं।

- अध्ययन में यह भी कहा गया है कि इस कारक के मौजूद नहीं रहने से दिल्ली और अन्य बड़े शहरी क्षेत्र समेत देश के उन इलाकों की पहचान करना भी कठिन हो जाता है जो सबसे अधिक असुरक्षित हैं

अध्ययन में यह भी कहा गया है कि इस कारक के मौजूद नहीं रहने से दिल्ली और अन्य बड़े शहरी क्षेत्र समेत देश के उन इलाकों की पहचान करना भी कठिन हो जाता है जो सबसे अधिक असुरक्षित हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में 'सस्टेनेबल बिल्ट एनवॉयरमेंट' की एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन की सह-लेखिका डॉ रोनिता वर्धन ने कहा, दिल्ली की गर्मी बंद जगहों पर जोखिम के स्तर को बढ़ा देगी खासकर उन लोगों के लिए जो किफायती आवास में हैं और जिनके पास खुद को ठंडा करने के लिए कम संसाधन हैं। गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य और ऊर्जा बोझ को कम करने तथा अनुकूल बनाने के लिए सामाजिक शीतलन प्रथाओं को समझने की आवश्यकता है।

पिछले अध्ययनों से पता चला कि भारत में लगातार लू का खतरा इसकी अर्थव्यवस्था और लोक स्वास्थ्य संसाधनों पर बोझ बढ़ा रहा है। दीर्घकालिक अनुमानों से पता चलता है कि 2050 तक लू से 30 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित होंगे और वर्ष 2100 तक लगभग 60 करोड़ भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता इसकी वजह से कमतर होगी।

परिणीति की राघव चड्ढा से सगाई, शादी अक्टूबर में

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा की डेटिंग की खबरें तो पहले से ही आ रही थीं। उनकी शादी भी तय मानी जा रही थी। अब दोनों ने सगाई करके इस दिशा में पहला कदम उठाया है। हाल ही में परिणीति को रिंग फिंगर पर सिल्वर बैंड पहने देखा गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिणीति और राघव ने परिवार और करीबी रिश्तेदारों की मौजूदगी में एक



पारंपरिक रोका समारोह में सगाई की। बताया जा रहा है कि दोनों इसी साल अक्टूबर के अंत तक शादी कर लेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि परिणीति शादी करने की जल्दी में नहीं हैं क्योंकि वह अपनी शूटिंग्स को लेकर काफी व्यस्त हैं। दिलचस्प बात यह है कि परिणीति की चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा जोनास, जो जल्द ही स्ट्रीमिंग सीरीज सिटाडेल में दिखाई देंगी, अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में जियो मामी फिल्म फेस्टिवल के 23वें संस्करण में भाग लेने के लिए भारत आएंगी। काम के मोर्चे पर परिणीति इम्तियाज अली निर्देशित चमकीला में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला से प्रेरित है।

'अफवाह' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन और अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की आने वाली फिल्म 'अफवाह' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म अफवाह सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित और लिखित थ्रिलर फिल्म है। निर्माता अनुभव सिन्हा ने कहा, फिल्म अफवाह में सुधीर के साथ काम करना एक समृद्ध अनुभव रहा है। मेरा मानना है कि 'अफवाह' एक बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्म है जो उच्च कोटी वाली फिल्मों के निर्माण के हमारे उद्देश्य को पूरा करती है। निर्देशक सुधीर मिश्रा ने कहा, क्या होगा यदि राक्षस आपका पीछा कर रहा है यह एक खूनी अफवाह है? मूल रूप से आप डरें हुए हैं क्योंकि छिपाने के लिए कोई जगह नहीं है। राक्षस हमेशा आपसे पहले वहां पहुंच जाएगा। इससे भी बुरी बात यह है कि कभी-कभी राक्षस एक दोस्त या प्रेमी या माता-पिता की रूप में आ जाता है।

सलमान को लेकर फिल्म बनाएंगे करण

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। करण जौहर ने सलमान खान को लेकर वर्ष 1998 में कुछ कुछ होता है बनाई थी। चर्चा है कि सलमान खान, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के साथ एक फिल्म करने की प्लानिंग कर रहे हैं। दोनों एक बिग बजट फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, जिसे 2024 की ईद के मौके पर रिलीज किया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो दोनों करीब 25 साल बाद साथ काम करेंगे। सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन में बिजी है। इसके बाद नवंबर में उनकी फिल्म टाइगर 3 रिलीज हो रही है। टाइगर 3 की रिलीज के बाद सलमान, शाहरुख खान का साथ टाइगर वर्सेस पठान पर काम करना शुरू करेंगे।

2,400 भाषाओं पर शोध के अनुसार दुनिया की लगभग आधी भाषा विविधता खतरे में है

■ कैनबरा (द कन्वरसेशन)।

दुनिया में 7,000 से अधिक भाषाएं हैं, और उनके व्याकरण में बहुत भिन्नता है। भाषाविद् इस भिन्नता में दिलचस्पी रखते हैं क्योंकि इसके आधार पर वह हमें हमारे इतिहास, हमारी संज्ञानात्मक क्षमताओं और मानव होने का अर्थ बताते हैं। लेकिन इस महान विविधता को खतरा है क्योंकि बहुत सी भाषाएं बच्चों को नहीं सिखाई जा रही हैं और वह खत्म होती जा रही हैं। साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक नए पेपर में, हमने ग्रामर्बैंक नाम से भाषा व्याकरण का एक व्यापक डेटाबेस लॉन्च किया है।

इस संसाधन के साथ, हम भाषा के बारे में कई शोध प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं और देख सकते हैं कि यदि संकट को रोका नहीं गया तो हम कितनी व्याकरणिक विविधता खो सकते हैं। हमारे निष्कर्ष खतरनाक हैं, हम भाषाएं खो रहे हैं, हम भाषा विविधता खो रहे हैं, और जब तक हम कुछ नहीं करते, हमारे सामूहिक इतिहास के ये झरोखे बंद हो जाएंगे।

जैसा कि महान मानवविज्ञानी फ्रांज बोस ने एक बार कहा था व्याकरण प्रत्येक अनुभव के उन पहलुओं को निर्धारित करता है जिन्हें व्यक्त किया जाना चाहिए। भाषाविद 'सही' व्याकरण में रूचि नहीं रखते हैं। हम जानते हैं कि व्याकरण समय के साथ और जगह से बदल जाता है और यह भिन्नता हमारे लिए कोई बुरी बात नहीं है, यह आश्चर्यजनक है।

भाषाओं में इन नियमों का अध्ययन करके, हम इस बात की अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकते हैं कि हमारा दिमाग कैसे काम करता है, और हम दूसरों को अपनी बात कैसे समझाते हैं। हम अपने इतिहास के बारे में भी जान सकते हैं कि हम कहां से आए हैं और हम यहां कैसे पहुंचे। यह असाधारण है।

व्याकरण का एक विशाल भाषाई डेटाबेस : हम ग्रामर्बैंक को दुनिया के सामने पेश करने को लेकर रोमांचित हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों की हमारी टीम ने भाषा के नियमों के बारे में कई किताबें पढ़कर और विशिष्ट भाषाओं के बारे में विशेषज्ञों और समुदाय के सदस्यों से बात करके इसे कई वर्षों में बनाया है। यह एक कठिन कार्य था। विभिन्न भाषाओं के व्याकरण एक दूसरे से बहुत भिन्न हो सकते हैं। इसके अलावा, अलग-अलग लोगों के पास यह बताने के अलग-अलग तरीके हैं कि ये नियम कैसे काम करते हैं। भाषाविदों को शब्दजाल पसंद है, इसलिए कभी-कभी उन्हें समझना एक विशेष चुनौती थी।

ग्रामर्बैंक में, हमने 2,400 से अधिक भाषाओं की तुलना करने के लिए 195 प्रश्नों का उपयोग किया। भाषा मनुष्य के लिए बहुत खास है, यह उस प्रक्रिया का हिस्सा है जो हमें वह बनाता है जो हम हैं।अफसोस की बात है कि उपनिवेशीकरण और वैश्वीकरण के कारण दुनिया की स्वदेशी भाषाओं को संकट का सामना करना पड़ रहा है। हम जानते हैं कि खोई हुई प्रत्येक भाषा हमारे पूर्वजों और पारंपरिक ज्ञान से हमारा संबंध तोड़ देती है, जिससे स्वदेशी व्यक्तियों और समुदायों के बारे में जानने का एक रास्ता बंद हो जाता है।

दुनिया की लगभग आधी भाषाई विविधता खतरे में है अलग-अलग भाषाओं के नुकसान के अलावा, हमारी टीम यह समझना चाहती थी कि व्याकरणिक विविधता के मामले में हम क्या खो देंगे। ग्रामर्बैंक डेटाबेस दुनिया भर में भाषाओं की चमकदार विविधता का खुलासा करता है, परिवर्तन, भिन्नता और सरलता के लिए मानव क्षमता का एक वसीयतनामा।

व्याकरण क्या है

किसी भाषा का व्याकरण नियमों का वह समूह है जो यह निर्धारित करता है कि उस भाषा में कौन सा वाक्य है और क्या अस्पष्ट है। उदाहरण के लिए, अंग्रेजी में काल अनिवार्य है। किन्हीं शब्दों को एक अच्छे वाक्य में संयोजित करने के लिए, मुझे एक समय इंगित करना होगा। यदि आपके अंग्रेजी वाक्य में काल नहीं है, तो यह व्याकरण की दृष्टि से सही नहीं है। हालांकि सभी भाषाओं में ऐसा नहीं है। जापान में होक्काइडो ऐनू की स्वदेशी भाषा में, बोलने वालों को समय निर्दिष्ट करने की आवश्यकता नहीं होती है। वह उनके स्थान पर अन्य शब्द जोड़ सकते हैं।

आगे क्या होगा

भाषा पुनरोद्धार के लिए निरंतर समर्थन के बिना, बहुत से लोगों को नुकसान होगा और मानव इतिहास, अनुभूति और संस्कृति में हमारी साझा भाषाई खिड़की गंभीर रूप से खंडित हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र ने 2022-2032 को स्वदेशी भाषाओं का दशक घोषित किया है। दुनिया भर में, नुकुर लैंग्वेज सेंटर, नूनगार बूदजार लैंग्वेज सेंटर और कनाडियन हीलत्सक सांस्कृतिक शिक्षा केंद्र सहित जमीनी स्तर के कई संगठन भाषा रखरखाव और पुनरोद्धार की दिशा में काम कर रहे हैं।

अपना स्टाइल बरकरार रखती हैं कामना पाठक

मुंबई (आईएएनएस)। अपने स्टाइल को बरकरार रखते हुए अभिनेत्री कामना पाठक ने कुछ बेहतरीन समर फैशन स्टाइल और सीजन के लिए पसंदीदा वॉर्डरोब साझा किए हैं। उन्होंने कहा, मैं गर्मी के मौसम में कैजुअल पहनती हूं और आराम करती हूं। दिन के दौरान, मैं हल्के रंग पसंद करती हूं, जबकि रात में मैं गहरे रंग पसंद करती हूं। गर्मियों के दौरान ढीली सूती शर्ट और ढीली कार्गो जींस मेरी पसंदीदा ड्रेस हैं। इस दौरान मैं लोफर्स और स्लिपर्स भी अपने वारड्रोब से निकालती हूं। अभिनेत्री फिलहाल हप्पू की उलटन पलटन शो में नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्टोल उनके लिए जरूरी हैं क्योंकि वे ट्रेंडी और सुविधाजनक हैं, जो उन्हें गर्मियों में आराम देते हैं। उन्होंने कहा, एक रंगीन स्टोल आपके पहनावे की शोभा बढ़ाता है और चिलचिलाती सूरज की किरणों से राहत दिलाने में आपकी मदद करता है। धूप का चश्मा न केवल स्टाइल के लिए बल्कि आपकी आंखों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है।

12 मई को रिलीज होगी सोनाक्षी की 'दहाड़'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज दहाड़ 12 मई को रिलीज होगी। सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'दहाड़'12 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। सोनाक्षी वेब सीरीज 'दहाड़' में पुलिस अफसर के रोल में नजर आएगी। अमेजॉन प्राइम और सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेब सीरीज की पहली झलक शेयर की है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा एक सख्त पुलिस अफसर के अंदाज में दिखाई दे रही है। इस वेब सीरीज में विजय वर्मा, सोनाक्षी सिन्हा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। जोया अख्तर और रीमा कागती की बनाई गई यह वेब सीरीज भारत की पहली ऐसी वेब सीरीज है जो बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रिलीज की गई।



यश चोपड़ा की पत्नी पामेला चोपड़ा का निधन

मुंबई (भाषा)। दिवंगत फिल्म निर्माता यश चोपड़ा की पत्नी एवं पार्श्व गायिका पामेला चोपड़ा का बृहस्पतिवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 74 वर्ष की थीं। पामेला चोपड़ा ने लीलावती अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां उन्हें निमोनिया होने के बाद भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में बेटे आदित्य चोपड़ा और अभिनेता उदय चोपड़ा के अलावा उनकी बहू रानी मुखर्जी हैं। डॉ. प्रहलाद प्रभुदेसाई ने कहा, एआरडीएस (एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम) के साथ निमोनिया होने के कारण आज सुबह उनका निधन हो गया। वह 15 दिन से आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती थीं। फिल्म निर्माण कंपनी 'यशराज फिल्म्स' ने एक बयान में कहा कि उनका अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। पामेला हाल ही में ओटीटी मंच 'नेटफ्लिक्स' की सीरीज 'द रोमांटिक्स' में नजर आई थीं। यह सीरिज फिल्म निर्माण कंपनी 'यशराज फिल्म्स' पर आधारित थी। पामेला के पति एवं फिल्मकार यश चोपड़ा का अक्टूबर 2012 में निधन हो गया था।

'द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स का ट्रेलर रिलीज'

मुंबई (वार्ता)। दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता इरफान खान की अंतिम फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स इरफान खान की तीसरी पुण्यतिथि से एक दिन पहले 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब पर पैनोरमा स्टूडियो के चैनल पर रिलीज हुआ है। इरफान खान की द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स को अनूप सिंह ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म को स्विस, फ्रेंच और सिंगापुरियन प्रोडक्शन ने बनाया है। इस फिल्म में ईरानी अभिनेत्री गोलशिफ्तेह फरहानी मुख्य किरदार में हैं, इसके साथ ही वहीदा रहमान भी इस फिल्म में नजर आएंगी। यह फिल्म लोक आस्था पर आधारित है, जिसमें दिखाया गया है कि बिच्छू के काटने से 24 घंटे के अंदर इंसान की मौत हो जाती है, लेकिन बिच्छू के जहर से इंसान को बचाया जा सकता है। इरफान खान इस फिल्म में एक ऊंट व्यापारी बने है।

खबर संक्षेप

एचसीएल टेक का चौथी तिमाही का लाभ 10.85 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने बीते वित्त वर्ष (2022-23) की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में 3,983 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.85 प्रतिशत अधिक है।

ज्यादातर ब्लिंकिट स्टोर पर परिचालन शुरू : जोमेटो

नई दिल्ली। घरेलू इस्तेमाल के सामान की त्वरित आपूर्ति करने वाली कंपनी ब्लिंकिट के ज्यादातर स्टोर पर परिचालन शुरू हो चुका है। इससे पहले, ये स्टोर डिलीवरी साझेदारों की हड़ताल से प्रभावित हुए थे। जोमेटो ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वर्ष जोमेटो ने ब्लिंकिट (पहले ग्रोफर्स इंडिया) का अधिग्रहण कर लिया था।

भागीदारी में मेडोर अस्पताल का अधिग्रहण करेगा फोर्टिस

नई दिल्ली। स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनी फोर्टिस हेल्थकेयर ने मानेसर स्थित मेडोर अस्पताल के अधिग्रहण के लिए संयुक्त अरब अमीरात के वीपीएस समूह के साथ समझौते किया है। सौदे का आकार 225 करोड़ रुपये होगा। फोर्टिस ने 225 करोड़ रुपये के कुल खरीद मूल्य पर मेडोर अस्पताल को खरीदने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

स्टार्टअप रेलॉय में एचडीएफसी कैपिटल ने हिस्सेदारी बढ़ाई

नई दिल्ली। भारतीय रियल एस्टेट बाजार में प्रौद्योगिकी की बढ़ती स्वीकार्यता के बीच एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स संपत्ति-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप लॉयली आईटी सॉल्यूशंस में अपनी हिस्सेदारी 7.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 9.6 प्रतिशत करेगी। 'एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स 1.67 लाख अनिवार्य परिवर्तनीय तरजीही शेयरों का अधिग्रहण करेगी।

विप्रो कंज्यूमर ने केरल के रेडी टू-कुक ब्रांड ब्राहमिंस को खरीदा

नई दिल्ली। साबुन, घरों की साफ-सफाई के उत्पाद समेत दैनिक उपयोग के अन्य सामान बनाने वाली विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग ने केरल के एक पारंपरिक शाकाहारी, मसाला मिक्स और 'रेडी-टू-कुक' ब्रांड ब्राहमिंस के अधिग्रहण की गुरुवार को घोषणा की। हालांकि, कंपनी ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया।

एचडीएफसी बैंक में भरूचा उप-प्रबंध निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन साल के लिए कैजाद भरूचा को बैंक का उप-प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि बैंक ने भावेश झावेरी को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। आरबीआई ने 19 अप्रैल, 2023 को कैजाद भरूचा को 19 अप्रैल से तीन साल के लिए बैंक के उप-प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी।

ऊंची कीमतों से अक्षय तृतीया पर सोने की बिक्री 20% घटने की आशंका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोने की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में आए उछाल का असर अक्षय तृतीया के त्योहार पर होने वाली गहनों की बिक्री पर देखने को मिल सकता है। आभूषण विक्रेताओं ने इस बार अक्षय तृतीया पर बिक्री में 20 प्रतिशत तक गिरावट आने की आशंका जताई है।

- बेहद जरूरी होने पर ही लोग सोना खरीदना पसंद कर रहे

सोना इस समय देश के अधिकांश हिस्सों में 60,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर मिल रहा है। ऐसी स्थिति में लोग बेहद जरूरी होने पर ही सोना खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसका असर अक्षय तृतीया पर महंगे आभूषणों की होने वाली परंपरागत खरीद पर पड़ सकता है।

सोने की कीमतों में पिछले कुछ महीनों से उछाल जारी

सोने का भाव 60 हजार रु. प्रति दस ग्राम

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने बातचीत में कहा कि सोने के भाव हाल ही में 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचने से ग्राहकों का बड़ा तबका आशंकित हो गया है। मेहरा ने कहा, हालांकि, कुछ दिन से दाम थोड़े गिरे हैं लेकिन ये अब भी ऊंचे हैं। इसका असर अक्षय तृतीया पर होने वाली बिक्री पर पड़ेगा।

दक्षिण भारतीय राज्यों की कारोबार में सबसे अधिक हिस्सेदारी

हमारा अनुमान है कि बिक्री पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत घट सकती है। सोने का मौजूदा भाव करीब 60,280 रुपये प्रति दस ग्राम है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया पर होने वाले कुल कारोबार में दक्षिण भारतीय राज्यों की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत होती है जबकि पश्चिमी भारत की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत रहती है।

मांग कम आने की आशंका

इस खरीदारी में पूर्वी भारत का हिस्सा 20 प्रतिशत और उत्तर भारत का हिस्सा करीब 15 प्रतिशत रहता है। जीजेसी के पूर्व चेयरमैन एवं एनएसी ज्वेलर्स (चेन्नई) के प्रबंध निदेशक अनंत पद्मनाभन ने भी कुछ इसी तरह की आशंका जताते हुए कहा कि महंगे सोने की मार अक्षय तृतीया पर आने वाली मांग को कम कर सकती है।

बढ़े दाम खरीदारों को मायूस करेगा

अक्षय तृतीया को सोने के गहनों एवं सिक्कों की खरीद के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन लोग अपने सामर्थ्य के अनुरूप छोटे-बड़े आभूषण या सिक्के खरीदने की कोशिश करते हैं। लेकिन पिछले चार महीनों में सोने के दाम में आया उछाल इस बार उन्हें मायूस कर सकता है।

कीमतों में गिरावट पर ही खरीदारी में आएगा उछाल

हालांकि, उन्होंने बिक्री पर इसका असर 10 प्रतिशत ही पड़ने की बात कही है। विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी सोमसुंदरम पी आर ने कहा कि सोने की खरीद अक्षय तृतीया के अवसर पर करोड़ों भारतीयों के जश्न का अनिवार्य हिस्सा होती है। ऐसे में अगर कीमतों में अच्छी गिरावट होती है तो बिक्री में उछाल आ सकता है।

गवर्नर दास ने नीतिगत दर को यथावत रखने का लिया था निर्णय

मौद्रिक नीति के तहत उठाए गए कदमों का असर अब भी जारी: आरबीआई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस महीने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में कहा था कि पिछले एक साल में मौद्रिक नीति को लेकर जो कदम उठाये गये हैं, उसका असर अब भी जारी है और उसपर करीब से नजर रखने की जरूरत है। गुरुवार को जारी एमपीसी की बैठक के ब्यौरे में यह कहा गया है।

दास ने एमपीसी के पांच अन्य सदस्यों के साथ नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया था। केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट

मौद्रिक नीति का लक्ष्य अन्य क्षेत्रों पर प्रभाव को कम करते हुए इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 15 महीने के निचले स्तर 5.66 प्रतिशत पर आ गई है।

पिछले एक साल से मौद्रिक नीति को लेकर कदम उठाए गए → **एमपीसी में नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया गया** → **मुद्रास्फीति को काबू में लाने छह बार रेपो दर बढ़ाई गई**

मुद्रास्फीति के नरम होने का अनुमान

दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में मुद्रास्फीति के नरम होने का अनुमान है। लेकिन इसके लक्ष्य के दायरे में आने की अवधि धीमी और लंबी हो सकती है। 2023-24 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति के कम होकर 5.2 प्रतिशत आने का अनुमान है जो अब भी लक्ष्य से ज्यादा है।



मुद्रास्फीति चार फीसदी पर रखने का टॉस्क

आरबीआई को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। दास ने कहा, 'इसीलिए इस समय हमारा जोर मुद्रास्फीति को टिकाऊ रूप से नीचे लाने पर है और दूसरी तरफ हमने जो पूर्व में कदम उठाये हैं, उसके प्रभाव को देखने के लिये स्वयं को कुछ समय देने की जरूरत है।'

रेपो दर में 2.50 फीसदी की गई अब तक वृद्धि

इससे पहले, आरबीआई ने मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। बैठक के ब्योरे के अनुसार, मौद्रिक नीति समिति की तीन से छह अप्रैल को हुई बैठक में दास ने कहा था, 'पिछले एक साल में मौद्रिक नीति को लेकर जो कदम उठाये गये हैं, उसका असर अब भी जारी है और उसपर करीब से नजर रखने की जरूरत है।'

सोच समझकर नही की गई रेपो दर में वृद्धि

गवर्नर ने कहा, 'इसीलिए, मेरा मानना है कि हमने एमपीसी की इस बैठक में रेपो दर को बरकरार रखने को लेकर सोच-विचारकर कदम उठाया गया है।' एमपीसी के सदस्य और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के दायरे में वापस लाने की प्रक्रिया धीरे-धीरे और असमान हो सकती है।

देश के 121 हवाई अड्डे 2025 तक होंगे कार्बन मुक्त

- यूरोपीय संघ-भारत विमानन शिखर सम्मेलन में बोले सिंधिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 25 हवाई अड्डे 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं, वहीं अन्य 121 हवाई अड्डे शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को 2025 तक प्राप्त कर लेंगे। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को यह बात कही। सिंधिया ने दो दिन के 'यूरोपीय संघ-भारत विमानन शिखर सम्मेलन' को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। कोरोना वायरस से संक्रमित होने की वजह से वह इस सम्मेलन में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

जलवायु परिवर्तन से निपटने ईयू के साथ साझा लक्ष्य : जलवायु परिवर्तन से निपटना भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए एक साझा लक्ष्य है, इस पर जोर देते हुए सिंधिया ने कहा, 'उत्सर्जन में विमानन उद्योग की हिस्सेदारी पर कड़ी नजर है। विमानन उद्योग से कार्बन उत्सर्जन को कम करने और इसके असर को दूर करने के लिए हमने कई कदम उठाए हैं।'

2024 तक शतप्रतिशत करेंगे हरित ऊर्जा का उपयोग

नागर विमानन मंत्री ने कहा, 'हम अपने हवाई अड्डों को 2024 तक शत-प्रतिशत हरित ऊर्जा का उपयोग करने और 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। देश में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 25 हवाई अड्डे पहले से ही 100 प्रतिशत हरित ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं, वहीं हमारा लक्ष्य है कि अन्य 121 हवाई अड्डे 2025 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त कर लें।'

नवीकरणीय ऊर्जा हवाई अड्डों के लिए होगी अनिवार्य

सिंधिया ने बताया कि सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को आगामी हवाई अड्डों के निविदा दस्तावेजों में अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने कहा, हम टिकाऊ विमानन ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। भारतीय एयरलाइन परिचालकों ने जैव ईंधन के मिश्रण वाले एटीएफ (विमान ईंधन) के साथ अभ्यास उड़ानों का आयोजन भी किया है।

कोयम्बटूर में 20 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी टाटा पावर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

बिजली कंपनी टाटा पावर ने कोयम्बटूर में 20 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए कोयंबटूर नगर निगम के साथ भागीदारी की है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। तमिलनाडु में इन ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना के बाद यहां टाटा पावर द्वारा स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशन की कुल संख्या बढ़कर 116 हो जायेगी। यह चार्जिंग स्टेशन, कोयम्बटूर और आसपास के शहरों में इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को चौबीस घंटे और सातों दिन चार्जिंग सेवा के साथ-साथ रखरखाव सुविधा उपलब्ध कराएंगे। टाटा पावर में व्यवसाय विकास (ईवी चार्जिंग) के प्रमुख वीरेंद्र गोयल ने कहा, 'कोयम्बटूर नगर निगम समेत अन्य निकायों के साथ साझेदारी करके हम भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना आसान बनाना चाहते हैं। हमारा प्रयास है कि ईवी चार्जिंग स्टेशन उपयोगकर्ताओं की आसान पहुंच में हों।'

सोने में 440 रुपए की तेजी चांदी 850 रुपए चढ़ी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 440 रुपये की तेजी के साथ 60,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

तीन दिनों की गिरावट से उबरे बाजार, सेंसेक्स 65 अंक चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर गुरुवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स लगभग 65 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार समाप्त होने से ठीक पहले ऊर्जा और दूरसंचार क्षेत्र के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी।

कारोबारियों के मुताबिक, इस मामूली तेजी के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच निवेशकों की चिंता तथा जोखिम से बचने की धारणा का असर बना हुआ है। बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 64.55 अंककी बढ़त के साथ 59,632.35 अंक पर बंद हुआ।

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, वित्तीय, दूरसंचार एवं जनोपयोगी सेवाओं से जुड़ी कंपनियों में चुनिंदा खरीदारी आने से बाजार तीन दिन से जारी गिरावट से उबरने में सफल रहे। पिछले कुछ दिनों में विदेशी निवेशकों के फिर से बिकवाल होने और वैश्विक केंद्रीय बैंकों के दर वृद्धि कायम रखने के संकेतों से कारोबारी सजग हो गए हैं।

- ग्लोबल बिजनेस की तीन प्रमुख हस्तियां सोढ़ी, डार्बीऔर खरात शामिल
- ग्रुप का वित्तीय वर्ष में 9000 करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य

आईबी ग्रुप ने व्यावसायिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को अपने साथ जोड़ा

▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े पोल्ट्री उत्पादक ग्रुप में से एक आईबी ग्रुप, देश की प्रोटीन आवश्यकताओं को विश्वस्तरीय मानकों के अनुसार लगातार पूरा करने का प्रयास कर रहा है। ग्रुप ने पिछले वित्तीय वर्ष में 9000 करोड़ के टर्नओवर का व्यवसाय किया है। इसी दिशा में कार्य करते हुए आईबी ग्रुप विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र के विशेषज्ञों को अपने साथ जोड़ रहा है ताकि आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को नई गति प्राप्त हो सके।

इसी सोच के अंतर्गत एक कदम आगे बढ़ाते हुए आईबी ग्रुप ने इंडियन और ग्लोबल बिज़नेस की तीन प्रमुख हस्तियों आरएस सोढ़ी - पूर्व एमडी अमूल, बॉब डॉबी - पूर्व प्रेसिडेंट इंटरनेशनल बिजनेस, एविजेन, और किशोर खरात -पूर्व एमडी आईडीबीआई बैंक, को ग्रुप में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। तीनों हस्तियां अपने व्यवसायिक अनुभवों को आईबी ग्रुप की व्यवसायिक प्रगति के लिए साझा करेंगे।

नए सदस्यों का ग्रुप ने किया स्वागत

इस अवसर पर आईबी ग्रुप की फाइनेंस डायरेक्टर श्रीमती जोया आफरीन ने तीनों इंडिपेंडेंट डायरेक्टर्स का आईबी ग्रुप में स्वागत किया और कहा कि - तीनों बिजनेस पर्सनालिटिस का बोर्ड में होना आईबी की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने कहा कि - हम उद्योग जगत के इन विशिष्ट व्यक्तित्वों का बोर्ड में स्वागत करते हुए खुश हैं।

सोढ़ी - गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड जो 'अमूल' के नाम से प्रसिद्ध है के पूर्व. एमडी हैं। इन्हें डेयरी उद्योग के 'गेम चेंजर' के रूप में जाना जाता है। आईबी ग्रुप की रिटेल प्रोसेसिंग व्यवसाय की महत्वाकांक्षी योजना में तेजी लाने के लिए सोढ़ी अपने रिटेल और फ़ूड प्रोसेसिंग के अनुभवों से आईबी ग्रुप के कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कार्य करेंगे।

बॉब डॉबी यूएसए की एक बहुराष्ट्रीय पोल्ट्री ब्रीडिंग कंपनी, एविजेन के पूर्व अध्यक्ष इंटरनेशनल बिजनेस रहे हैं। डॉबी प्रोटीन प्रोसेसिंग यूनिट के लिए आईबी ग्रुप का मार्गदर्शन करेंगे। डॉबी को 45 प्लस वर्षों ग्लोबल पोल्ट्री इंडस्ट्री, विशेष रूप से ब्रीडर उत्पादन और कमर्शियल मैनेजमेंट का व्यापक अनुभव है जो आईबी ग्रुप की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण क़दम साबित होगा।

किशोर खरात, आईडीबीआई बैंक और इंडियन बैंक के पूर्व एमडी, सीईओ और ही 41 वर्षों से अधिक पेशेवर बैंकिंग वाले एक प्रसिद्ध बैंकर हैं। साथ ही यह एक मोटिवेशनल बिजनेस लीडर, मैनेजमेंट एडवाइज़र और एमरो बुकोंस के प्रमुख पार्टनर है। वित्तक्षेत्र में खरात की कुशलता आईबी ग्रुप को अपने आर्थिक विकास के लक्ष्य तक पहुँचने में अवश्य सहायक होगी।

हुरुन ग्लोबल इंडेक्स 2023 के लिए सूची जारी

यूनिकॉर्न की संख्या के लिहाज से भारत विश्व का तीसरा बड़ा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में यूनिकॉर्न एवं गजेल की संख्या के लिहाज से अमेरिका व चीन के बाद भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है। वहीं, रूस और सऊदी अरब जैसे 9 देशों में एक भी यूनिकॉर्न नहीं हैं। वहीं भारत में कुल 138 यूनिकॉर्न हैं।

हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स-2023 के मुताबिक, भारत में 138 यूनिकॉर्न हैं। इनमें 70 की शुरुआत भारतीय सह-संस्थापकों ने किए हैं, लेकिन इनके मुख्यालय भारत के बाहर हैं। वहीं, कुल भारतीय स्टार्टअप में 68 यूनिकॉर्न का मुख्यालय देश में ही है।

यूनिकॉर्न का मूल्यांकन एक अरब डॉलर होता है

रूस व सऊदी अरब के अलावा जहां एक भी यूनिकॉर्न नहीं हैं, उनमें पोलैंड, इरान, वेनेजुएला, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, पाकिस्तान व रोमानिया हैं। यूनिकॉर्न का मूल्यांकन एक अरब डॉलर या अधिक होता है। गजेल का मूल्यांकन 50 करोड़ डॉलर से एक अरब डॉलर के बीच होता है।

दुनिया के 10 सबसे बड़े यूनिकॉर्न

बाइटडांस, स्पेसएक्स, एंट ग्रुप, शीन, स्ट्राइप, चीबैंक, डाटाब्रिक्स, टेलीग्राम, रिवोल्ट और कैनिआवो।

सबसे बड़े निवेशक

सिकोइया कैपिटल, टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट व सॉफ्टबैंक सबसे बड़े निवेशक हैं। इन्होंने क्रमशः 238, 179 और 168 यूनिकॉर्न में निवेश किया है।

भारत के आगे बढ़ने की संभावना

भारत व चीन के अगले पांच वर्षों में हुरुन ग्लोबल-500 की रैंकिंग में आगे बढ़ने की संभावना बन रही है। फ्रांस, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया अपना स्थान खो सकते हैं क्योंकि यहां स्टार्टअप बनने की रफ्तार घट रही है।

दुनियाभर में 1361 यूनिकॉर्न

1,361 यूनिकॉर्न हैं दुनियाभर के 48 देशों के 271 शहरों में, जिनमें 508 नए हैं। 4,30,000 करोड़ डॉलर इनका मूल्यांकन जो जर्मनी की जीडीपी से ज्यादा। 171 यूनिकॉर्न फिनटेक क्षेत्र में हैं, जो सबसे अधिक। 666 यूनिकॉर्न के साथ अमेरिका नंबर वन चीन 316 के साथ दूसरे पायदान पर।

आर्थिक सुस्ती के बावजूद शानदार प्रदर्शन

हुरुन रिपोर्ट के चेयरमैन एवं मुख्य शोधकर्ता रुपर्ट हूगवेर्फ ने कहा, कोविड-19 शुरू होने के बाद तीन साल का इतिहास यूनिकॉर्न के प्रदर्शन के लिहाज से शानदार रहा है। इस दौरान प्रतिदिन एक यूनिकॉर्न बने। आर्थिक सुस्ती के बावजूद एक साल में दुनिया में 500 से ज्यादा नए यूनिकॉर्न सामने आए।

देश के शीर्ष-5 यूनिकॉर्न

बायजू देश का सबसे बड़ा और दुनिया का 14वां बड़ा यूनिकॉर्न है। इसका मूल्यांकन 22 अरब डॉलर है। ड्रीम11 और स्विगी 8-8 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ देश के दूसरे बड़े यूनिकॉर्न हैं। ओला और रेजरपे तीसरे स्थान पर हैं, मूल्यांकन 7.5-7.5 अरब डॉलर है। ओयो 6.5 अरब डॉलर के साथ चौथे और क्रेड 6.4 अरब डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर है।

नोकिया का पहली तिमाही में भारत में कारोबार चार गुना

नई दिल्ली। फिनलैंड की मोबाइल फोन कंपनी नोकिया की 2023 की पहली तिमाही में कुल बिक्री 10 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 5.85 अरब यूरो रही है। इस दौरान कंपनी का भारत में कारोबार लगभग चार गुना हो गया है। 2022 की तिमाही में 5.34 अरब यूरो रही थी। 'नेटवर्क ढांचा और मोबाइल नेटवर्क, दोनों ने 13-13 % वृद्धि की। नऑप्टिकल नेटवर्क और आईपी नेटवर्क सबसे आगे रहे, जो देश में लगातार बढ़ती 5जी सेवाओं को दिखाता है।' भारत में बिक्री बढ़ने के साथ कंपनी ने उत्तरी अमेरिका और अन्य स्थानों पर खर्च कम किया है।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	6	4	2	8
लखनऊ	6	4	2	8
चेन्नई	5	3	2	6
गुजरात	5	3	2	6
बैंगलोर	6	3	3	6
मुंबई	5	3	2	6
पंजाब	6	3	3	6
कोलकाता	6	2	4	4
हैदराबाद	5	2	3	4
दिल्ली	6	1	5	2

ऑरेंज कैप
डु प्लेसिस
343 रन

पर्पल कैप
मो. सिराज
12 विकेट

खबर संक्षेप

राहुल पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

जयपुर। लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने बुधवार की रात को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में 10 रन से जीत दर्ज की थी। आईपीएल ने बयान में कहा, 'टीम का वर्तमान सत्र में धीमी ओवर गति से जुड़ी आईपीएल आचार संहिता के तहत यह पहला अपराध है और इसलिए कप्तान राहुल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है।'

धवन पर निर्भरता बन रही बड़ी चिंता

नई दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि कप्तान शिखर धवन पर निर्भरता पंजाब किंग्स के लिए बड़ी चिंता का विषय है और अगर उसे वर्तमान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब की दावेदारी पेश करनी है तो उसके अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। पंजाब की तरफ से अभी तक अधिकतर रन धवन ने बनाए हैं। उन्होंने चार पारियों में 233 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में पंजाब ने अभी तक दो मैच जीते हैं जबकि इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

वुड्स ने करवाया टखने का ऑपरेशन

न्यूयॉर्क। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने अपने दाहिने टखने का ऑपरेशन करवाया है जिसके कारण उनका इस साल आगे किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना संदिग्ध है। वुड्स ने बुधवार को ट्विटर पर इसका खुलासा करते हुए कहा कि फरवरी 2021 में लगी चोट के बाद इसका ऑपरेशन करवाना आवश्यक हो गया था। एक्सेल स्पोर्ट्स में उनके एजेंट मार्क स्टाइनबर्ग ने कहा, 'वह अभी आराम कर रहे हैं और जल्द ही इससे उबरने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।' वुड्स के टखने का बुधवार की सुबह न्यूयॉर्क में ऑपरेशन किया गया।

चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और रियल मैड्रिड सेमीफाइनल में होंगे आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

एर्लिंग हालैंड ने फिर से मैनचेस्टर सिटी की तरफ से गोल दागा जिससे उनकी टीम ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना रियल मैड्रिड की मजबूत टीम से होगा। मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण 1-1 से ड्रा खेला लेकिन पहले चरण में 3-0 की दमदार जीत के कारण वह 4-1 के कुल योग से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहा।

पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद हालैंड ने 57वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को बढ़त दिलाई। यह इस सत्र में सिटी की तरफ से उनका 48वां गोल था। बायर्न की तरफ से जोशुआ किमिच ने 83वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

सबसे कम मैचों में 35 गोल स्कोरर

फुटबॉलर	मैच
एर्लिंग हालैंड	27
रुड निस्टेलरॉय	42
किलियन एम्बाप्पे	54
लियोनेल मेसी	55
रॉबर्ट लेवान्डोवस्की	56

सेमीफाइनल का शेड्यूल

तारीख	मैच	टीमें
9 मई	पहला लेग	रियल मैड्रिड/मैनचेस्टर सिटी
9 मई	पहला लेग	एसी मिलान/ इंटर मिलान
16 मई	दूसरा लेग	मैनचेस्टर सिटी/ रियल मैड्रिड
16 मई	दूसरा लेग	इंटर मिलान/ एसी मिलान

4-0 के योग से बढ़ा मैड्रिड

मैनचेस्टर सिटी पहली बार चैंपियंस लीग जीतने की कोशिश करेगा लेकिन इसके लिए उसे मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। रियल मैड्रिड ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेल्सी को 4-0 के कुल योग से पराजित किया। सेमीफाइनल का पहला चरण मई में खेला जाएगा। पिछले साल रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी को 6-5 से हराया था।

इंटर और एसी मिलान में होगा मुकाबला

मिलान। इंटर मिलान ने बेनफिका से क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण का मैच 3-3 से ड्रॉ छूटने के बावजूद चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना शहर के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी एसी मिलान से होगा। बुधवार को खेले गए इस मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इंटर मिलान की टीम पुर्तगाल के क्लब पर 5-3 के कुल योग से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रही। उसने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था। एसी मिलान ने मंगलवार को खेले गए मैच में नैपोली को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

आईपीएल : आरसीबी ने पंजाब को 24 रन से हराया

डुप्लेसी-कोहली की फिफ्टी और सिराज के चौके से जीता बेंगलोर

एजेंसी ▶▶| मोहाली

फाफ डुप्लेसी और उनकी जगह कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली के अर्धशतक के बाद मोहम्मद सिराज की तूफानी गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स को 24 रन से हरा दिया। डुप्लेसी और कोहली के बीच पहले विकेट की 137 रन की साझेदारी से आरसीबी ने चार विकेट पर 174 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स की टीम सिराज की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई।

पंजाब किंग्स की ओर से सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (46) और जितेश शर्मा (41) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। इस हफ्ते 5वीं टीम ने घर में मैच गंवाया है। पंजाब से पहले, बुधवार को जयपुर में राजस्थान, मंगलवार को हैदराबाद में एसआरएच, सोमवार को बेंगलुरु में आरसीबी और रविवार को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को पराजय झेलनी पड़ी है। यह बेंगलुरु की इस सीजन की तीसरी जीत है।

कोहली ने टी-20 में कप्तानी करते हुए रिकॉर्ड 6500 रन

कोहली ने ठोका 48वां अर्धशतक

556 दिन बाद बेंगलोर की कप्तानी कर रहे विराट कोहली ने लीग में 48वां अर्धशतक जमाया। उन्होंने 40 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। विराट ने सीजन का चौथा अर्धशतक जमाया है। कोहली ने 47 बॉल पर 125.53 के स्ट्राइक रेट से 59 रन बनाए। कोहली की पारी में 5 चौके और एक सिक्स शामिल था। उनके आईपीएल में 600 चौके भी पूरे हो गए।

डुप्लेसिस का 29वां पचासा

फाफ डु प्लेसिस ने लीग कॅरियर का 29वां अर्धशतक जमाया। मौजूदा सीजन में यह डु प्लेसिस का चौथा अर्धशतक है। उन्होंने 31 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। इतना ही नहीं, डु प्लेसिस ने इस सीजन में 300 रन भी पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। प्लेसिस ने 56 बॉल पर 150.00 के स्ट्राइक रेट से 84 रन बनाए। इस पारी में 5 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

स्कोर बोर्ड

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर	रन	गेंद	4	6
कोहली का जितेश बो हरप्रीत	59	47	5	1
डुप्लेसी का कुरेन बो एलिस	84	56	5	5
मैक्सवेल का ताइडे बो हरप्रीत	00	01	0	0
कार्तिक का ताइडे बो अर्शदीप	07	05	1	0
महिपाल लोमरोर नाबाद	07	09	1	0
शाहबाज अहमद नाबाद	05	03	0	0

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 174/4
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-34-1, हरप्रीत 3-0-31-2, एलिस 4-0-41-1, कुरेन 4-0-27-0, चहर 4-0-24-0, लिविंगस्टोन 1-0-9-0.

पंजाब किंग्स	रन	गेंद	4	6
ताइडे पगबाधा बो सिराज	04	02	1	0
प्रभसिमरन सिंह बो पार्नेल	46	30	3	4
मैथ्यू शॉर्ट बो हसरंगा	08	07	0	1
लिविंगस्टोन पगबाधा बो सिराज	02	04	0	0
हरप्रीत सिंह रन आउट	13	09	1	1
सैम कुरेन रन आउट	10	12	1	0
जितेश का शाहबाज बो हर्षल	41	27	2	3
शाहरुख स्ट कार्तिक बो हसरंगा	07	05	0	1
हरप्रीत बरार बो सिराज	13	13	1	0
नाथन एलिस बो सिराज	01	02	0	0
अर्शदीप सिंह नाबाद	00	00	0	0

अतिरिक्त : 05, कुल : 18.2 ओवर में 150/10
गेंदबाजी : सिराज 4-0-21-4, पार्नेल 3-0-32-1, हसरंगा 4-0-39-2, विशाक 3-0-29-0, मैक्सवेल 1-0-5-0, हर्षल 3.2-0-22-1.

दिल्ली ने लगातार पांच हार के बाद दर्ज की पहली जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान डेविड वॉर्नर के 41 गेंद में 57 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को कोलकाता नाइटराइडर्स को वर्षाबाधित मैच में चार विकेट से हराकर आईपीएल के इस सत्र में पहली जीत दर्ज करने के साथ प्लेआफ की उम्मीदें भी कायम रखी। पिछले पांचों मैच हार चुकी दिल्ली को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था।

अपने लिए 'करो या मरो' के मैच में उसने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 127 रन पर रोक दिया जिसमें जैसन रॉय ने 43 और आंद्रे रसेल ने नाबाद 38 रन बनाए। बारिश के कारण एक घंटा विलंब से शुरू हुए मैच में दिल्ली ने लक्ष्य चार गेंद बाकी रहते छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। वॉर्नर का विकेट गिरने के बाद दिल्ली ने लगातार विकेट गंवाए लेकिन आखिर में अक्षर पटेल (22 गेंद में 19 रन) ने संयम से बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया।

वॉर्नर का 59वां अर्धशतक

दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने कॅरियर का 59वां अर्धशतक जमाया। यह इस सीजन में उनका चौथा अर्धशतक है। वॉर्नर ने 33 बॉल में हाफ सेंचुरी पूरी की है। उन्होंने 41 बॉल पर 139.02 के स्ट्राइक रेट से 57 रन बनाए। वॉर्नर की पारी में 11 चौके शामिल रहे।

स्कोर बोर्ड

कोलकाता	रन	गेंद	4	6
जैसन रॉय का खान बो यादव	43	39	5	1
लिटन दास का यादव बो मुकेश	04	04	1	0
वेंकटेश का मार्श बो नॉर्किया	00	02	0	0
राणा का मुकेश बो शर्मा	04	07	1	0
मनदीप सिंह बो पटेल	12	11	0	1
रिंकू सिंह का यादव बो पटेल	06	08	1	0
नारायण का वॉर्नर बो शर्मा	04	06	1	0
आंद्रे रसेल नाबाद	38	31	1	4
अनुकूल पगबाधा बो यादव	00	01	0	0
उमेश का और बो नॉर्किया	03	05	0	0
वरुण चक्रवर्ती रन आउट	01	06	0	0

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 127/10
गेंदबाजी : शर्मा 4-0-19-2, मुकेश 4-0-34-1, नॉर्किया 4-0-20-2, पटेल 3-0-13-2, मार्श 2-0-25-0, यादव 3-0-15-2.

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
वॉर्नर पगबाधा बो वरुण	57	41	11	0
पृथ्वी साव बो वरुण	13	11	2	0
मिशेल मार्श का वीसे बो राणा	02	09	0	0
साल्ट का और बो अनुकूल	05	03	1	0
मनीष का सिंह बो अनुकूल	21	23	2	0
अक्षर पटेल नाबाद	19	22	1	0
अमन हकीम खान बो राणा	00	02	0	0
ललित यादव नाबाद	04	07	0	0

अतिरिक्त : 07, कुल : 19.2 ओवर में 128/6
गेंदबाजी : नारायण 4-0-36-0, अनुकूल 4-0-19-2, उमेश 1-0-6-0, खेजरोलिया 1.2-0-20-0, रसेल 1-0-12-0, वरुण 4-1-16-2, राणा 4-0-17-2.

वर्ल्ड कप : भारत फाइनल में, चीन से होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अंताल्या

भारत की पुरुष रिकर्व टीम ने यहां चल रहे तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में गुरुवार को तीन जीत दर्ज करते हुए नौ साल में पहली बार फाइनल में जगह बनाई। अतनु दास, बी धीरज और तरूणदीप राय की तिकड़ी रविवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन से भिड़ेगी। भारत अगर खिताब जीतता है तो यह विश्व कप की पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में 13 साल के बाद उसका पहला स्वर्ण पदक होगा।

चौथी वरीय टीम के रूप में क्वालीफाई करने के बाद भारत की पुरुष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाई मिली। भारत ने इसके बाद 13वें वरीय जापान को कड़े मुकाबले में 5-4 से हराया। भारतीय टीम ने शूट ऑफ में 29-28 के स्कोर से जीत दर्ज की। चार सेट के बाद दोनों टीम 4-4 (49-52, 57-52, 54-51, 52-57) से बराबर थी जिसके बाद भारतीय टीम ने टाईब्रेकर में दो परफेक्ट 10 और एक नौ अंक के साथ जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने इसके बाद दो आसान जीत दर्ज की। टीम ने 12वें वरीय चीनी ताइपे और नौवें वरीय नीदरलैंड को 6-2 के समान अंतर से हराया।

चीनी ताइपे के खिलाफ आसान रहा मैच

चीनी ताइपे के खिलाफ भारतीय तिकड़ी को अधिक परेशानी नहीं हुई। टीम ने 4-0 की बढ़त बनाने के बाद 6-2 (55-54, 57-54, 51-53, 58-56) से मुकाबला अपने नाम किया। शीर्ष वरीय और मेजबान तुर्की (6-0) को एकतरफा मुकाबले में हराने के बाद नीदरलैंड की टीम आत्मविश्वास से भरी थी। नीदरलैंड ने भारत के खिलाफ पहले सेट जीतकर 2-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय तिकड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए मुकाबला 6-2 (56-58, 57-53, 57-55, 56-54) से जीत लिया।

सबालेंका, गॉफ, एलेना ने दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| स्टुटगार्ट

दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेंका ने बारबोरा क्रेजिसकोवा को 6-2, 6-3 से हराकर पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की चैंपियन सबालेंका ने लगातार दो साल स्टुटगार्ट में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन अभी तक वह क्ले कोर्ट के इस टूर्नामेंट को नहीं जीत पाई हैं।

पांचवीं वरीयता प्राप्त गॉफ ने अंतिम सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-2, 4-6, 7-6 (3) से पराजित किया। रायबाकिना ने जुले निमेयर को 7-5 6-3 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त जबूर ने येलेना ओस्टापेंको को 1-6, 7-5, 6-3 से शिकस्त दी।



संक्षिप्त खबरें

रूस के आक्रमण के बाद पहली बार यूक्रेन पहुंचे नाटो प्रमुख

कीव। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टॉल्टनबर्ग पिछले साल रूस के आक्रमण के बाद से पहली बार यूक्रेन पहुंचे हैं। नाटो के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने का अनुरोध करते हुए बताया, 'नाटो महासचिव यूक्रेन में हैं। हम जल्द से जल्द और अधिक जानकारी प्रदान करेंगे।' स्टॉल्टनबर्ग युद्ध शुरू होने से पहले यूक्रेन गए थे, लेकिन युद्ध के बाद यह उनकी पहली यात्रा है। उनकी यह यात्रा यूक्रेन की स्वतंत्रता की रक्षा को लेकर नाटो की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अप्रवासन के कानूनी रास्तों का विस्तार करें : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद थानेदार ने देश के गृह सुरक्षा सचिव ऐलेजैंड्रो मायोरकास से एच-1बी वीजा की संख्या बढ़ाने सहित अप्रवासन के कानूनी रास्तों का विस्तार करने का अनुरोध किया है। भारत के आईटी पेशेवरों के बीच एच-1बी वीजा की सबसे अधिक मांग रहती है। एच-1बी वीजा, एक गैर-अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को ऐसे विशेष व्यवसायों में विदेशी कर्मचारियों को नियोजित करने की अनुमति देता है, जिन्हें तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा पर निर्भर करती हैं।

अमेरिकी प्रत्यर्पण वारंट पर भारतीय नागरिक ब्रिटेन में गिरफ्तार

लंदन। ब्रिटेन और बेल्जियम के पते वाले एक भारतीय नागरिक को अमेरिकी प्रत्यर्पण वारंट पर स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने लंदन में गिरफ्तार किया है। यह कदम आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ ब्रिटेन-अमेरिका की समन्वित कार्रवाई के तहत उठाया गया है। सुंदर नागराजन उर्फ नागराजन सुंदर पुंगुलम के. नागा को पुलिस की राष्ट्रीय प्रत्यर्पण इकाई ने मंगलवार को पश्चिम लंदन स्थित हायस इलाके से गिरफ्तार किया। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा धोखाधड़ी और धन शोधन अपराधों के लिए वांछित नागराजन को जमानत से इनकार किए जाने के बाद उसे अगले सप्ताह लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश होना है। मदुरै में जन्मे 65 वर्षीय नागराजन को 50 वर्षीय उस आरोपी की वेल्स में गिरफ्तारी के बाद पकड़ा गया, जिस पर आतंकवाद के वित्तपोषण में लिप्त होने का संदेह है।

एलन मस्क करेंगे माइक्रोसॉफ्ट पर मुकदमा

मास्को। विश्व के दूसरे सर्वाधिक अमीर अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट पर आरोप लगाया है कि उसने गैरकानूनी तरीके से ट्विटर के डाटा का इस्तेमाल पर अपने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) एलगॉरिदम को प्रशिक्षित किया है और इस गैरकानूनी काम के लिए वह ट्विटर के खिलाफ मुकदमा करने जा रहे हैं। मस्क ने ट्वीट किया, उन्होंने (माइक्रोसॉफ्ट) प्रशिक्षण (एआई) में गैरकानूनी तरीके से ट्विटर के डाटा का इस्तेमाल किया है और अब मुकदमे का समय आ गया है। जनवरी में, माइक्रोसॉफ्ट ने विशेष रूप से वर्ड और एक्सेल जैसी अपनी सेवाओं में एआई, वॉयस आधारित चैटजीपीटी को एकीकृत करने की योजना की घोषणा की। माइक्रोसॉफ्ट ने चैट जीपीटी की निर्माता, कंपनी में कई अरब डॉलर के निवेश की भी घोषणा की।

नेपाल के अन्नपूर्णा पर्वत से लापता पर्वतारोही अनुराग मालू जीवित मिले

काठमांडू (भाषा)। नेपाल के अन्नपूर्णा पर्वत से एक गहरी हिम दरार में गिरने के बाद सोमवार से लापता भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू बचावकर्ताओं को गंभीर हालत में जिंदा मिले हैं। पर्वतारोही के भाई ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राजस्थान के किशनगढ़ निवासी मालू (34) सोमवार को कैंप-3 से उतरते वक्त करीब 6,000 मीटर की ऊंचाई से गिरने के बाद लापता हो गए थे। अन्नपूर्णा पर्वत दुनिया की 10वीं सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। मालू के भाई सुधीर ने कहा, 'वह जीवित मिल गए हैं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है।' उन्होंने कहा, 'हमें अब उनके उपचार पर ध्यान केंद्रित करना होगा।' 'माई-रिपब्लिका न्यूज पोर्टल' की एक खबर के अनुसार ऑपरेटर 'सेवन समिट ट्रेक्स' ने पुष्टि की कि अनुराग सात नेपाली पर्वतारोहियों को करीब 300 मीटर नीचे खाई में जिंदा मिले। खबर के

■ पोखरा के मणिपाल अस्पताल में कराया गया भर्ती

अनुसार, उन्हें (मालू) पोखरा के मणिपाल अस्पताल ले जाया गया है। 'सेवन समिट ट्रेक्स' के महाप्रबंधक शनेश्वर गुरुगैन ने बताया, 'उनकी हालत नाजुक है। चिकित्सक उनका इलाज कर रहे हैं।' 'सेवन समिट ट्रेक्स' के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने कहा कि छांग दावा के नेतृत्व में छह शेरपा पर्वतारोहियों की एक टीम ने तलाशी अभियान चलाया और उन्हें बृहस्पतिवार सुबह लगभग 300 मीटर गहरी खाई में पाया। मालू, संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने और जागरूकता फैलाने के लिए सातों महाद्वीपों के 8,000 मीटर की ऊंचाई वाली सभी 14 पर्वत चोटियों को फतह करने के अभियान पर थे।

भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर कोरोना संक्रमित

काठमांडू (भाषा)। नेपाल के अन्नपूर्णा पर्वत से सुरक्षित निकाली गईं भारत की प्रमुख महिला पर्वतारोही बलजीत कौर कोरोना वायरस से संक्रमित पायी गई हैं। अभियान के एक आयोजक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें अस्पताल से एक या दो दिनों में छुट्टी मिलने की संभावना है।

कौर (27) अन्नपूर्णा पर्वत के शिखर से उतरते समय 'चौथे कैंप' के पास से लापता होने के एक दिन बाद मंगलवार को सकुशल मिल गई थीं। एक हवाई खोज दल ने 'चौथे कैंप' के पास उनका पता लगाया था और उन्हें काठमांडू ले आया था। वह शीतदंश (फ्रॉस्टबाइट) से पीड़ित थीं और उन्हें काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीआईडब्ल्यूईसी अस्पताल ले जाया गया। अभियान का आयोजन करने वाले 'पायनियर एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड' के अध्यक्ष पसांग तेनजे शेरपा ने बताया, 'वह कोविड-19 से उबर रही हैं। सीआईडब्ल्यूईसी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्हें पृथकवास में रखा गया है।' शेरपा ने बताया, 'वह एक अच्छी पर्वतारोही हैं और पूरी तरह से ठीक होने के बाद वह धौलागिरी के लिए रवाना होंगी।'

कतर में हिरासत में लिए गए भारतीयों के मामले की अगली सुनवाई तीन को : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली (भाषा)। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कतर में हिरासत में लिए गए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों का मामला वहां कानूनी प्रक्रिया से गुजर रहा है और अदालती सुनवाई की अगली तारीख तीन मई है। मंत्रालय ने कहा कि कतर में भारतीय दूतावास स्थानीय प्रशासन के सम्पर्क में है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा कि इस मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है और अदालत में 29 मार्च को पहली सुनवाई हुई। उन्होंने कहा, 'सुनवाई की अगली तारीख तीन मई को है।' प्रवक्ता ने कहा कि इन पर आरोपों के बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है।

पिछले सप्ताह बागची ने कहा था कि दोहा में भारतीय दूतावास के अधिकारी हिरासत में लिये गए भारतीयों के परिवार के साथ सम्पर्क

■ भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों का मामला वहां कानूनी प्रक्रिया से गुजर रहा है

बनाये हुए हैं और कानूनी मदद प्रदान कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि दोहा में भारतीय दूतावास के अधिकारी हिरासत में लिये गए भारतीयों के परिवार के सम्पर्क में हैं और कतर प्रशासन से एक और दौर की राजनयिक पहुंच मांगी गई है।

उन्होंने बताया था कि लोक अभियोजन ने इस मामले को अदालत को भेजा है और पहली सुनवाई 29 मार्च को हुई जिसमें बचाव पक्ष के वकील और भारतीय अधिकारी शामिल हुए थे। ज्ञात हो कि कतर में हिरासत में लिये गये लोग दाहरा ग्लोबल टेक्नॉलोजी एंड कंसलटेंसी के लिए काम कर रहे थे। यह एक निजी कंपनी है।

लापता भारतीय-अमेरिकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव मिला

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)। अमेरिका के मेरीलैंड प्रांत में 9 अप्रैल से लापता 30 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव मंगलवार को एक छोटी सी झील से बरामद किया गया।

चर्चिल झील में मंगलवार को एक शव देखे जाने के बाद पुलिस को बुलाया गया था। मॉन्टगोमेरी पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसके साथ कुछ गलत किया गया हो ऐसी आशंका नहीं है। उन्होंने कहा, शव को मुख्य चिकित्सा परीक्षक के कार्यालय भेज दिया गया जहां उसकी पहचान अंकित बगई के रूप में हुई है। उनके परिवार के अनुसार, बगई जर्मनटाउन, मेरीलैंड में एक अस्पताल से लापता हो गए थे। उन्हें आखिरी बार पैंथर्स रिज ड्राइव के 12000 ब्लॉक में देखा गया था। परिवार ने एनबीसी 4 को बताया कि बगई कई जीवन रक्षक दवाएं खा रहा था। बगई के बहनोई गोबिंद सिंह ने एनबीसी 4 को बताया कि पुलिस का लगता है कि कुछ संकट था जिसके कारण वह अस्पताल से बाहर चला गया। बगई के परिवार ने सुराग देने वाले को 5,000 डॉलर का इनाम देने की भी घोषणा की थी। बगई का पता लगाने के लिए बनाए गए एक फेसबुक पेज ने फेयरफैक्स, वर्जीनिया में उनकी अंत्येष्टि की घोषणा की।

यमन : सहायता केंद्र में भगदड़, 80 की मौत

सना (वार्ता)। यमन की राजधानी सना के बाब अल-यमन इलाके में एक सहायता केंद्र में मची भगदड़ में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई, जबकि 220 से ज्यादा लोग घायल हो गये। यह जानकारी बृहस्पतिवार को हाउती द्वारा संचालित स्वास्थ्य प्राधिकरण ने दी।

हूती स्वास्थ्य प्राधिकरण के आधिकारिक प्रवक्ता अनीस अल-सुबैही ने बुधवार को कहा कि चिकित्साकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायलों को इलाज के लिए सना के कई अस्पतालों में भेजा गया है। हाउती द्वारा संचालित अल-मसीराह टीवी ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों द्वारा नकदी वितरण करने के दौरान यह भगदड़ मची, जिसका आयोजन बिना किसी संगठन या मंत्रालय के सहयोग के किया गया था।

मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल खालिक अल-अजरी के हवाले बताया गया है कि

■ गरीबों को सहायता उपलब्ध कराने के दौरान हुआ हादसा

नकदी का अनियंत्रित वितरण करने के लिए जिम्मेदार दो व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया है और घटना की जांच चल रही है। वर्षों के संघर्ष से गरीब हुए कई यमनी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चैरिटी केंद्रों में उमड़ पड़े क्योंकि मुसलमानों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार ईद अल-फितर नजदीक आ रहा है। यमन 2014 के अंत से गृह युद्ध में घिर गया है, जब ईरान समर्थित हौउती मिलिशिया ने कई उत्तरी प्रांतों पर नियंत्रण कर लिया और सऊदी समर्थित यमनी सरकार को राजधानी सना से बाहर कर दिया था। युद्ध में हजारों लोगों की मौत हो गयी थी और 40 लाख लोग विस्थापित हो गए थे और गृह युद्ध ने यमन को भुखमरी के कगार पर धकेल दिया था।

तहव्वुर राणा की 'स्टेटस कांफ्रेंस' याचिका खारिज

वाशिंगटन (भाषा)। अमेरिका की एक अदालत ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमला मामले में वांछित पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा की अभियोजन पक्ष के साथ बैठक संबंधी याचिका (स्टेटस कांफ्रेंस) यह कहते हुए खारिज कर दी कि अगले 30 दिनों में उसे भारत को प्रत्यर्पित किये जाने पर फैसला आ जाने की उम्मीद है।

लॉस एंजिलीस के जिला न्यायालय के न्यायाधीश जैकलीन चूलजियान ने जून, 2021 में इस मुद्दे पर पिछली सुनवाई की थी और जुलाई 2021 में कागजातों का आखिरी सेट अदालत में सौंपा गया था। इस अदालत ने राणा को भारत को प्रत्यर्पित किये जाने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर फैसला अभी सुनाया नहीं है। पिछले महीने अपने वकील के माध्यम से दायर याचिका में राणा ने अनुरोध

■ भारत प्रत्यर्पण पर फैसला जल्द आने की उम्मीद

किया कि अदालत अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष को इस मामले पर तथा अपराध कबूल करने पर सजा कम करने संबंधी प्रावधान पर चर्चा करने की अनुमति दे।

उसके वकील ने कहा, 'इस मामले में पिछली अदालती बहस 21 जुलाई, 2021 को हुई थी। इतना समय बीत जाने और राणा के लगातार सलाखों के पीछे रहने के मद्देनजर इस अदालत और वकीलों के लिए इस मामले की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करना उपयुक्त जान पड़ता है।' उसके वकील ने सुझाव दिया कि स्टेटस कांफ्रेंस 25 अप्रैल को हो लेकिन अदालत ने 17 अप्रैल को अपने एक आदेश में इस आवेदन को खारिज कर दिया।

यूपी के दो अधिकारियों को तत्काल रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर हिरासत में लिए गए उत्तर प्रदेश के वित्त विभाग के दो सचिवों को तत्काल रिहा करने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की एक पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सुनवाई के लिए लाया गया था। राज्य की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने पीठ को बताया, हाईकोर्ट द्वारा एक 'अभूतपूर्व आदेश' पारित किया गया, जिसके बाद वित्त सचिव और विशेष सचिव (वित्त) को अवमानना मामले में हिरासत में ले लिया गया। मामला हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों की सुविधाओं से संबंधित है। नटराज ने कहा, हाईकोर्ट ने मामले में राज्य के मुख्य सचिव को जमानती वारंट भी जारी किया है। पीठ ने कहा,

अवमानना मामला

नोटिस जारी करें, जिस पर 28 अप्रैल 2023 तक जवाब दाखिल किया जाए। मामला सूचीबद्ध किए जाने की अगली तारीख तक इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ के 4 और 19 अप्रैल 2023 के आदेश पर रोक रहेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के जिन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए।

पीठ ने शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को यह आदेश हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भेजने का निर्देश दिया ताकि आदेश का तत्काल अनुपालन हो सके। हाईकोर्ट ने 19 अप्रैल के अपने आदेश में कहा था कि हलफनामे में दिए गए बयान और अधिकारियों के आचरण प्रथमदृष्टया अदालत की आपराधिक अवमानना' करने वाले प्रतीत होते हैं।

अमर्त्य सेन जमीन खाली करें : विश्वभारती

कोलकाता। विश्वभारती विश्वविद्यालय ने

नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन से छह मई तक या 19 अप्रैल को जारी अंतिम आदेश के 15 दिन के भीतर 13 डिसमिल जमीन खाली करने को कहा है। विश्वविद्यालय का दावा है कि सेन ने उसकी 13 डिसमिल जमीन पर गैरकानूनी तरीके से कब्जा किया है।

भारत सरकार की सलाह और भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के अनुसार, एक सदी पुराने केंद्रीय संस्थान को अतिक्रमणों पर नियंत्रण पाने और मंत्रालय को रिपोर्ट जमा करने की तत्काल जरूरत है।

कैलिफोर्निया में गिरफ्तार सिखों में दो पर भारत में हत्या का मामला दर्ज

वाशिंगटन (भाषा)। कैलिफोर्निया में सप्ताहांत को गिरफ्तार किए गए दो प्रतिद्वंद्वी गिरोह के 17 सिखों में से दो भारत में हत्या के आरोपों का सामना कर रहे हैं, जबकि दो अन्य अन्य आपराधिक मामलों में वांछित हैं।

कैलिफोर्निया अटॉर्नी जनरल के एक प्रवक्ता के अनुसार, पवित्र सिंह और हुसैनदीप सिंह भारत में हत्या के आरोपों का सामना कर रहे हैं। उनकी नागरिकता के बारे में अभी तक कोई खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन यह माना जा रहा है कि वे अब भी भारतीय नागरिक हैं और अमेरिका में शरण लेने का उनका आवेदन लंबित है। स्थानीय और संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कई जगह छापेमारी कर उत्तरी कैलिफोर्निया के विभिन्न शहरों से 17 सिख पुरुषों को गिरफ्तार किया था। उनमें से अधिकतर ऐतिहासिक 'युवा शहर' और उसके

■ दो अन्य अन्य आपराधिक मामलों में हैं वांछित

आसपास के थे। ये लोग दो प्रतिद्वंद्वी सिख गिरोहों से नाता रखते हैं। इन गिरोह के नाम 'मिंटा ग्रूप' और 'एके47 ग्रूप' हैं। दोनों गिरोह के कम से कम 30-30 सदस्य हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी आश्चर्य हुआ था जब इनके पास से कई खतरनाक आग्नेयास्त्रों बरामद हुए।

सट्टर काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेनिफर डुप्रे ने कहा, कार्रवाई के दौरान 41 आग्नेयास्त्र जब्त किए गए, जिनमें एआर15, एके-47, हैंडगन और कम से कम एक मशीन गन शामिल है। सैन जोकिन काउंटी से गिरफ्तार किए गए लोगों में से दो धर्मवीर सिंह उर्फ मिंटा और जोबनजीत सिंह को मंटेका जाने के रास्ते में रोका गया था।

अनवारुल हक बने पीओके के नए पीएम

इस्लामाबाद (भाषा)। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसद चौधरी अनवारुल हक को बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का 'प्रधानमंत्री' चुना गया। पूर्व 'प्रधानमंत्री' सरदार तनवीर इलियास खान को क्षेत्र के उच्च न्यायालय द्वारा शीर्ष न्यायपालिका को बदनाम करने के कारण अयोग्य ठहराए जाने के बाद पिछले सप्ताह शीर्ष पद खाली हो गया था।

प्रांतीय विधायिका के अध्यक्ष रहे हक को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज सहित सभी प्रमुख दलों समेत सदन में उपस्थित सभी 48 सदस्यों का समर्थन मिला। सरदार तनवीर को 11 अप्रैल को एक सार्वजनिक भाषण के दौरान शीर्ष न्यायपालिका की आलोचना करके अदालत की अवमानना करने के लिए न्यायालय द्वारा पद से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इससे पहले सोमवार को नया 'प्रधानमंत्री' चुनने के लिए आयोजित एक विधायी सत्र को बिना किसी मतदान के स्थगित कर दिया गया था। सरदार तनवीर ने इस्लामाबाद में एक समारोह में अप्रत्यक्ष रूप से न्यायपालिका पर उनकी सरकार के कामकाज को प्रभावित करने और स्थगन आदेशों के माध्यम से कार्यपालिका के क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था।

भारत की जनसंख्या वृद्धि प्रतिस्थापन स्तर से नीचे : यूएनएफपीए

संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के प्रमुख जनसांख्यिकी राचेल स्नो के अनुसार हालांकि भारत की 1.4 अरब की आबादी चीन की आबादी को पार कर गई है, लेकिन ताजा बड़ी खबर यह है कि भारत में जनसंख्या वृद्धि प्रतिस्थापन प्रजनन दर से नीचे है और इसके पास अवसर की खिड़की है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रजनन चरण में प्रवेश करने वाली युवा आबादी समग्र प्रजनन क्षमता को बढ़ावा देगी।

प्रतिस्थापन प्रजनन दर बच्चों की औसत संख्या है, जो एक महिला को जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए होनी चाहिए और इसे प्रति महिला 2.1 बच्चे माना जाता है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, भारत के लिए प्रतिस्थापन प्रजनन दर 2 है। उन्होंने भारत को अवसर की खिड़की करार देते हुए कहा, आपको प्रजनन वर्षों में प्रवेश करने वाले

■ भारत के लिए प्रतिस्थापन प्रजनन दर दो है

युवाओं की यह बड़ी संख्या मिली है, जिसका अर्थ है कि प्रजनन क्षमता बढ़ती रहेगी और काम करने वालों की संख्या में बढ़ेगी।

स्नो ने कहा, सवाल यह है कि इस अवसर की खिड़की के साथ, क्या यह शिक्षा और रोजगार सृजन, लैंगिक समानता में आवश्यक निवेश जुटाने में सक्षम होगा। स्नो ने ताइवान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर का उदाहरण दिया, जिनका जबरदस्त आर्थिक विकास हुआ और इससे जीवन स्तर भी बेहतर हुआ। गौरतलब है कि 70 और 80 के दशक में, एशियन टाइगर्स कहे जाने वाले उपरोक्त देशों का असाधारण आर्थिक विकास हुआ था, क्योंकि स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा लोगों के उस समूह की भलाई में बड़ा निवेश था।

अवैध तमंचा बनाने वाले फैक्ट्री का भंडाफोड़, उपकरण सहित दो गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार को स्वाट टीम, सर्विलांस टीम तथा थाना दुल्लहपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा बनाने वाली फैक्ट्री के गिरोह का अभियुक्त अमित कुमार पुत्र रघुनाथ निवासी घटारो थाना भुड़कुड़ा उम्र करीब 30 वर्ष को स्थान चौजा पुल थाना दुल्लहपुर से वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 05 अदद तमंचा व 03 अदद जिन्दा कारतूस व 01अदद मोटर साइकिल बरामद हुआ तथा अभियुक्त अमित द्वारा बताया गया कि यह तमंचा मै नये-नये लड़को से अच्छी कीमत लेकर बेच देता हूँ गिरफ्तार अभियुक्त से तमंचा लेने के स्थान के बारे में पूछा गया तो बताया कि साहब मै व मेरा एक मित्र पिंटू यादव पुत्र हरिकेश यादव निवासी धमराव थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर एकसाथ पिंटू यादव के घर पर ही तंमचा बनाते है आज मै वही से तंमचा लेकर आ रहा था अभियुक्त अमित कुमार द्वारा बताये गये शस्त्र निर्माण स्थल व निशानदेही पर अभियुक्त पिंटू यादव पुत्र हरिकेश यादव निवासी धमराव थाना दुल्लहपुर को उसके घर धमराव थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया तथा मौके से 05 अदद पूर्ण निर्मित तमंचा,03 अर्ध निर्मित तमंचा व तमंचा प्लेट व तमंचा बनाने के उपकरण बरामद हुये अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि साहब हम लोग चोरी-छिपे बनाकर बिक्री करा कर अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं, गिरफ्तार अभियुक्तो के सम्बन्ध में थाना दुल्लहपुर पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया,अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक रामाश्रय राय मय टीम, सर्विलांस प्रभारी उप निरीक्षक सुनील तिवारी, थानाध्यक्ष दुल्लहपुर प्रवीण यादव, हेड कांस्टेबल सुजीत सिंह सर्विलांस टीम, हेड कांस्टेबल विनय यादव सर्विलांस टीम, कांस्टेबल जयन्त सिंह सर्विलांस टीम, कांस्टेबल अजय प्रसाद सर्विलांस टीम, कांस्टेबल रमेश सोनकर सर्विलांस टीम, कांस्टेबल ओमप्रकाश सर्विलांस टीम, कांस्टेबल जिलाजीत वर्मा थाना दुल्लहपुर , कांस्टेबल दिनेश सिह थाना दुल्लहपुर, कांस्टेबल रंजीत सिंह थाना दुल्लहपुर, कांस्टेबल वैभव यादव थाना दुल्लहपुर, कांस्टेबल अमन निर्मल थाना दुल्लहपुर।

ग्रामीणों के सहयोग से चौकी प्रभारी ने कुत्ते को कुंए से रेस्क्यू करवाकर बाहर निकलवाया

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के पूरनपुर गांव में गुरुवार की सुबह कुंआ में फसे कुत्ते को सरकी चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों की मदद से रेक्यू कर निकाला बाहर। गौरतलब हो कि रोज की भांति सुबह मार्निंग वॉक पर निकले चौकी प्रभारी विनोद कुमार अंचल वाक करते हुए प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण के पास जैसे ही पहुंचे कि कुत्ते की तेजी से आ रही आवाज को सुन रुक इधर उधर देखने लगे तभी उनकी नजर कुआं पर पड़ते ही पास पहुंच देखा तो कुंआ में एक कुत्ता अपनी जिंदगी की जद्दोजद कर रहा था।जिसके बाद चौकी प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए ग्राम प्रधान रामसमुझ यादव को सूचित कर जरूरी सामानों के साथ मौके पर पहुंचने की बात को बताई।चौकी प्रभारी ने ग्राम प्रधान व अन्य लोगो के सहयोग से कुत्ते को रेस्क्यू कर कुंआ से बाहर निकाला कुत्ते को कुंआ से बाहर निकालने का किसी ने वीडियो बना लिया जो सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है साथ ही चौकी प्रभारी की इस दरियादिली की सराहना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान की अध्यक्षता भाकियू (अ) के जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया

प्रखर कुशीनगर। बताते चले राज्य सरकार द्वारा समय समय पर संचारी रोग होने के कारण और इसका रोकथाम कैसे हो उसका अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 21 अप्रैल 2023 को भारतीय किसान यूनियन (अम्बवता) के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनपद कुशीनगर के रामकोला विकास खण्ड के ग्रामसभा देवरियाबाबू में संचारी रोग नियन्त्रण जेई/ एईयस के बारे में कृषि विभाग के सहायक तकनीक प्रबन्धक मारकन्डेय तिवारी द्वारा किसानो को मस्तिष्क ज्वर, चेचक, खसरा, रेबीज तथा मलेरिया जो मादा एनाफिलिज मच्छर के काटने से फैलता है तथा इसके वाहक चूहा, छछुन्दर के बारे मे भी विस्तृत जानकारी दिया गया तथा ताजा भोजन गन्दी नाली नालों की साफ-सफाई, जल जमाव वाले स्थान पर डी.डी.टी, मिट्टी का तेल, निम आयल और फिनायल के प्रयोग के बारे में बताया गया साथ ही साथ यह भी बताया गया की घर मे रखे खाद्य सामग्री को ढक कर रखा जाय तथा घर के प्रयोग में आने वाले बर्तनों को साफ सफाई करके उपयोग में लाया जाए। वही भाकियू के जिलाध्यक्ष ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि, संचारी रोग से सबको बचना चाहिये और जो उपाय कृषि सहायक तकनीकी मैनेजर द्वारा बताया गया है उसके ऊपर अम्ल भी करना है। इस बीमारी का फैलाव जून से अक्टूबर माह के बीच ज्यादा होता है। इस मौके पर किसान कृतिचनंद, हरिप्रसाद, रामा, जोतिया देवी, चेतई प्रसाद, लालती देवी, नागेंदर मौर्या, समीउल्लाह, रामदेव यादव, विद्रावती देवी, सौरभ सिंह, चंद्रावती देवी, उतिमराजी देवी, रीना देवी, शुभम आदि उपस्थित रहे।

केडीसी कॉलेज ऑफ फॉमेर्सी के छात्रों एंव शिक्षकों नेयाकुल्ट दानोन इंडिया (प्रा.) सोनीपत में भ्रमण किया

प्रखर मथुरा। छात्रों व शिक्षकों ने इस औधोगिक भ्रमण में कंपनी के सभी उत्पादों, उनके निर्माण एंव विभिन्न उपकरणों जैसे टेबल मशीन, कैप्सूल मशीन, एफबीडी, एचपीएलसी, एचपीटीएलसी, एफटीआईआर आदि की जानकारी प्राप्त की।

याकुल्ट दानोन इंडिया (प्रा.) लिमिटेड की एक्जयुकेटिव सुश्री सान्या ने कंपनी के सभी विभागों का विस्तृत भ्रमण कराया एंव दवाईयों के निर्माण से संबंधित विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रदान की। इस औधोगिक भ्रमण में कम्पनी ने सभी छात्रों व शिक्षकों के लिए प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। जिसने कम्पनी के सभी उत्पाद, प्रगति और वार्षिक टर्नओवर आदि को ग्राफ द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें याकुल्ट का प्रमुख उत्पाद याकूल्ट बेवरेज प्रोबायोटिक्स ड्रिंक के फायदे जैसे पाचन में सहायक, संक्रमण की रोकथाम, कब्ज नाश, आंतों में प्रोबायोटिक्स की उपस्थिति आदि के बारे में बताया। संस्था की ओर से श्री कृष्णवीर चौधरी, मिस सुलेखा भारद्वाज, श्री लक्ष्मीकांत व सभी सदस्यों ने कंपनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद प्रेषित किया एवं सभी छात्रों तथा शिक्षकों को बधाइयां देते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी का आयोजन छात्राओं द्वारा किया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। आचार्य सीताराम चतुवेर्दी महिला महाविद्यालय, डोमरी, रामनगर, वाराणसी में फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी का आयोजन छात्राओं द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ. जयशीला पांडेय, उप प्रबंधक श्री मुकुल पांडेय, प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र तथा बाल विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डुमरी शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को फ्रेशर पार्टी तथा बी.एस.सी. तृतीय व बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्राओं को फेयरवेल पार्टी दिया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्रा करिश्मा पांडेय द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया तथा विजेता को पुरस्कृत भी किया गया। कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ. जयशीला पांडेय जी ने प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को बधाई तथा अंतिम वर्ष की छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के उप प्रबंधक श्री मुकुल पांडेय, प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र, बाल विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डुमरी शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं को शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर आस्था (बी.कॉम), नैना यादव (बी.एस सी.), अर्वतिका सिंह (बी.ए.) तथा मिस फेयरवेल का अवार्ड शीतल सोनी (बी.कॉम), साधना (बी.एस सी.) को प्रदान किया गया। दीवा ऑफ द डे पूजा पांडेय को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा ईशी सावरन ने किया।

पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन द्वारा की गई पीस कमेटी की बैठक

प्रखर वाराणसी। पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन आरती सिंह की अध्यक्षता में अपने कार्यालय में धर्म गुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस उपायुक्त ने ईद त्यौहार को लेकर लोगों से अपील किया कि सभी लोग आपसी सौहार्द के साथ मिलकर त्यौहार मनाएं तथा किसी भी तरह की भ्रामक खबर न फैलाएं और सोशल मीडिया प्लेटफार्म की भ्रामक खबरों पर भी ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि आने वाले नगर निकाय चुनाव को देखते हुए अपने आस पास कुछ भी गलत या आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वाले अराजक तत्व नजर आते हैं तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में उपस्थित संभ्रान्त लोगों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की बिजली, पानी व गन्दगी से सम्बन्धित समस्याओं को भी बताया गया जिसके शीघ्र निस्तारण हेतु पुलिस उपायुक्त द्वारा आश्वस्त किया गया।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में दो महीने तक महिलाओं को योग के प्रति किया जाएगा प्रशिक्षित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं को योग से जोड़ने के लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 21अप्रैल से ग्रीष्मकालीन योग की शुरूआत की जा रही है` दो महीने तक हजारों की संख्या में महिलाएं विश्व विद्यालय के खेल मैदान में योग सीखेंगी इसके लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है यही नहीं दो महीने के उपरांत 21 जून को विश्व भर में मनाए जाने वाले योग दिवस पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्मंत्रित किया गया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया गया है कि वह 21 जून को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से विश्व योग दिवस पर विश्व को बड़ा संदेश दें` ग्रीष्मकालीन महिला योग को लेकर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की चीफ प्रॉक्टर अमिता सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले योग को लेकर हजारों महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है` विश्वविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य है कि करीब ढाई हजार महिलाएं इस योग शिविर से जुड़े इसके लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और संबंध विद्यालयों में योग शिविर के बारे में बताया जा रहा है महिलाओं को योग के प्रति जागरूक करने के लिए लगाए गए` इस शिविर में प्रतिदिन अलग-अलग योग पर शिक्षकों के द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा वहीं 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर वाराणसी के सांसद एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी महिलाओं के इस शिविर में आने के लिए आर्मंत्रित किया गया है इस दौरान उनसे आग्रह किया गया है कि वह अपनी माता और बहनों के साथ योग करके वाराणसी की धरती से पूरे विश्व को एक बड़ा संदेश दे।

सड़क ही नहीं, कचहरी में भी सुरक्षित नहीं अधिवक्ता : एडवोकेट नमिता झा

प्रखर वाराणसी। कोर्ट परिसर में हो रहे हमले निंदनीय है। वकील के ड्रेस में आकर जिस तरीके से हमलावर घटना को अंजाम दे रहे है वह कहीं न कहीं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करताउ है। ताजा मामला आज दिल्ली के साकेत कोर्ट का है जहां वकील के ड्रेस में एक व्यक्ति ने महिला के ऊपर फायरिंग कर दी। उसे एम्स हॉस्पिटल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच कोर्ट में केस चल रहा था। पीड़ित महिला आज केस में गवाही देने कोर्ट आई थी। आरोप है कि तभी वहां वकील की ड्रेस में आकर पति ने लॉयर्स ब्लॉक के पास उस पर फायरिंग कर दी। कोर्ट परिसर में फायरिंग की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। पिछले साल 24 सितंबर 2021 को वकीलों के वेश में आए दो हथियारबंद बदमाशों ने दिल्ली के रोहिणी रूम के अंदर गोलीबारी कर गैंगस्टर जितेंद्र मान उर्फ ??गोगी की हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों बंदूकधारी हमलावर राहुल त्यागी और जगदीप जग्गा भी मौके पर ही मारे गए थे। कथित तौर पर दोनों हमलावर वकीलों की ड्रेस में कोर्ट रूम के अंदर दाखिल हुए थे। पिछले साल अप्रैल महीने में ही रोहिणी कोर्ट में दो वकीलों और उनके एक मुवक्किल के बीच हाथापाई के बाद फायरिंग की घटना हुई थी।

वाराणसी कचहरी भी सुरक्षा के लिहाज से नहीं सुरक्षित- कोर्ट परिसर में हो रही फायरिंग की घटनाओं पर अधिवक्ता नमिता झा का कहना है कि वाराणसी कचहरी भी अधिवक्ताओं के लिए सुरक्षित नहीं है। नमिता झा का कहना है कि सुरक्षा को लेकर न प्रशासन गंभीर है और न ही पुलिस। सुबह घर से कचहरी जाने वाले अधिवक्ताओं में एक डर सा बैठ गया है कि कब उनके साथ क्या हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। सड़क के अलावा कचहरी व चैम्बर में भी वह खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। कचहरी से घर लौटते समय भी अब उन्हें डर सताने लगा है कि कहीं कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। अधिवक्ता नमिता झा का कहना है कि कचहरी में घुसने के लिए कई रास्ते हैं। कोई भी इन रास्तों से असलहे लेकर आराम से कचहरी परिसर में घुस सकता है। न कोई रोक-टोक है और न ही कहीं चेकिंग। आलम यह है कि कचहरी की बहुमंजिला न्याय भवन बिल्डिंग में कहीं भी कोई भी जा सकता है। कोई पूछने वाला नहीं है कि किस काम से आए हो, किससे मिलना है। लोग खुलेआम असलहे लेकर घूमते हैं पर कोई पूछने वाला नहीं। ऐसे में अधिवक्ताओं की जान हमेशा खतरे में बनी रहती है।कचहरी के सामने प्रवेश द्वार पर दर्जनों बाइक खड़ी रहती है। इन गाड़ियों की डिक्की में क्या रखा है। बाइक किसकी है, इस बारे में कोई कुछ नहीं बता सकता। प्रवेश द्वार पर कोई सुरक्षा कर्मी नहीं है और न ही अंदर जाने वालों से पूछताछ होती है। कचहरी परिसर में बिना मान्यता के कई फर्जी वकील काला कोर्ट पहनकर घूमते है पर कोई पूछना वाला नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर शासन-प्रशासन वकीलों की सुरक्षा के लिए गंभीर क्यों नहीं है ! अगर किसी दिन कोई घटना घटती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा !

14 साल के अहसन ने पढ़ाई रमजान की तरावीह, मुल्क में अमन चैन की मांगी दुआएं

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुहम्मदाबाद माहे-रमजान पूरी दुनिया के मुसलमानों में बड़े ही रहमतों, बरकतों और फजीलत का महीना के नाम से जाना जाता है। बताते हैं कि इसी मुकद्दस माह में मुसलमानों की पवित्र किताब कुरान नाजिल हुई थी। इस माह में कुरान की तिलावत और एक खास नमाज तरावीह का एहतेमाम भी बड़े गौर-फिक्र के साथ की जाती है। नमाजे तरावीह देश की लगभग सभी मस्जिदों में और कुछ घरों में भी बड़े ही एहतेमाम के साथ पढ़ाई जाती है।जिसको अमूमन कुरान को कंठस्थ कर लेने वाले हाफिज ही पढ़ाया करते हैं। गौरतलब है कि नगर मुहम्मदाबाद में सिर्फ 14 साल के एक बच्चे ने कुरान को हिफ़्ज कर नमाजे-तरावीह को पढ़ाया, जिसकी चर्चा का विषय नगर सहित पूरे जनपद में बना रहा। उस नन्हे हाफिज का नाम अहसन आरिफ है जो कि नगर के ही एक स्कूल के प्रबंध निदेशक अब्दुल आरिफ के बेटे हैं। अहसन के पिता का सपना था कि बेटे को दुनियावी तालीम/शिक्षा के साथ दीन की भी तालीम को देना जरूरी समझा। इसी तालीम हासिल के उद्देश्य को लेकर बच्चे के पढ़ाई में आने वाले हर बाधा को दूर कर मंजिल को पाने में कामयाबी हासिल किया। पिता आरिफ बताते हैं कि यदि इरादे नेक और इच्छा शक्ति मजबूत हो तो हर बाधा को अल्लाह की मदद और करम से दूर किया जा सकता है। अहसन के परिवार में मां मुसर्रत जहाँ और एक छोटी बहन असरा आरिफ है जो कि उसकी पढ़ाई में पूरा सहयोग प्रदान करते हैं। अहसन रमजान के रोजे भी रखते हैं और पूरी पाबंदी से नमाज का एहतेमाम भी करते हैं। हाफिज मंजूर ने नमाज में सहयोग प्रदान किया, नमाज तरावीह के पूर्ण होने पर हाफिज मंजूर, पिता आरिफ, मां मुसर्रत, अबरार बच्चन, वसीम रजा, मेराज अहमद, फरहान, परिवार के सदस्यों के साथ लोगों ने अहसन को बधाई गले लगाकर और फूल-माले पहना कर दिया। बाद नमाज तरावीह पूरे मुल्क के लोगों के लिये अमन चैन, आपसी सौहार्द और खुशहाली के लिये दुआएं की गईं।

संक्षिप्त खबरें

आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे

प्रखर वाराणसी। चिरईगांव ब्लाक स्थित सोनबरसा कंपोजिट विद्यालय के अध्यापकों व बच्चो द्वारा स्कूल चलो अभियान की रैली का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में बच्चों द्वारा एक भी बच्चा छुटा संकल्प हमारा टूटा का ध्येय संकल्प लेकर अभियान को गति देने का प्रयास किया रैली ग्राम सभा सोनबरसा कंपोजिट विद्यालय से निकलकर सोनबरसा राजभर बस्ती और पाल बस्ती होते हुए विद्यालय में आकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानअध्यापिका सविता सक्सेना, अवनीश पाठक, ग्राम प्रधान प्रमोद राज, हनुमान शरण चौबे, शशांक वर्मा, अमरेश यादव, पल्लवी, आशा, आरती, प्रीति शुक्ल, लीलावती समेत सभी अध्यापक, अध्यापिका, बच्चे और ग्रामीण मौजूद रहे।

नगर निगम वार्ड नंबर 29 तुलसीपुर से समाजवादी पार्टी की अधिकृत पार्षद प्रत्याशी सविता देवी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी में नगर निगम चुनाव कि सरगर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है वही तुलसीपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 से समाजवादी पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी सविता देवी के स्थानीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के महापौर प्रत्याशी ओमप्रकाश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया` कार्यालय उद्घाटन के दौरान पूर्व कैंट विधानसभा प्रत्याशी पूजा यादव, रजनी देसाई, प्रियंका सिंह ,प्रतिमा पात्रा ,वरुण पंडित समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय पदाधिकारी ,कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे । चुनाव कार्यालय उद्घाटन के पश्चात पार्षद प्रत्याशी सविता देवी ने पूजा यादव ,महापौर प्रत्याशी ओपी सिँह और क्षेत्रीय कार्यकताओं , पदाधिकारियों एवं अपने समर्थकों के संग क्षेत्र में घर -घर जाकर जनसंपर्क किया और भारी मतों से वोट देकर विजयी बनाने की किया अपील वहीं महापौर प्रत्याशी ओपी सिँह ने भी जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रीय लोगों से की वार्ता और उनकी समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन।

वाराणसी नगर निगम वार्ड नंबर 51 भेलूपुर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रीता सेठ के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी में नगर निगम चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने मोर्चा संभाल लिया है इसी कड़ी में 21अप्रैल शुक्रवार को खोजवां में वार्ड नंबर 51भेलूपुर से भाजपा प्रत्याशी रीता सेठ के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन पार्षद संजय जायसवाल पूर्व पार्षद अशोक मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया गया तत्पश्चात भाजपा कार्यकताओं ने लगाया हर-हर महादेव के उद्घोष और अपने प्रत्याशी रीता सेठ का माल्यार्पण कर किया स्वागत और साथ हीं स्थानीय जनता से अपील किया कि वह अपना अमूल्य मत देकर रीता सेठ को सदन में पहुंचाने का कार्य करें कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर देवी प्रसाद गुप्ता, छन्नूलाल गुप्ता, चंद्रशेखर, रामेश्वर, अनिल गुप्ता, अशोक सेठ, अभिषेक श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह,अशोक मिश्रा, विजय मिश्रा, संजय जायसवाल, बलवंत सिंह, लालजी गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, आलोक मल्लिक, बच्चा तिवारी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता ,बब्बू पांडे सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

10 वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त के घर हुई नोटिस चस्पा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने शुक्रवार को बरही नेवाद में 10 वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर न्यायालय के आदेश पर नोटिस चस्पा की। बताते हैं कि 10 वर्ष 2013 में बरही नेवादा फूलपुर निवासी आशीष सेठ व भाई सुरेश व उनकी माता शांति सेठ के खिलाफ 323, 504, 506, 308 व 325 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कई बार सूचना दी लेकिन अदालत में उपस्थित नही हुए। जिसपर न्यायालय ने 82 की कार्रवाई के तहत नोटिस जारी की। जिसपर कठिराव चौकी इंचार्ज विवेक पाठक हमराही सिपाहियों के साथ आरोपित के घर पर और सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा करने के साथ डुगडुगी पिटवाई।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं